दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 288
कोटद्वार शनिवार
25 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के बिना संपूर्ण विकास संभव नही: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा श्संपूर्ण विकास का लक्ष्य तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता, जब तक षि क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान न हो जाए।श प्रधानमंत्री ने षि और सहकारिता विषय पर बजट प्रविधानों पर आयोजित वेबिनार में कहा कि देश में षि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं ताकि राष्ट्र श्आत्मनिर्भरश बन सके। देश की जरूरतों के लिए दलहन, खाद्य तेल और अन्य प्रसंस्त खाद्य उत्पादों के आयात पर दो लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा व्यय हो रही है। उन्होंने षि उत्पादों की इस आयात निर्भरता से मुक्ति पाने की अपील की।



प्रधानमंत्री मोदी ने फसल विविधीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ गेहूं व चावल तक सीमित नहीं होना चाहिए। घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक किसानों की पहुंच को आसान बनाया गया है। खाद्य तेल के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर होने के लिए तिलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अकेले खाद्य तेलों के आयात पर डेढ़ लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं। षि बजट पर सवाल उठाने वालों को याद दिलाने के अंदाज में प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जो षि बजट 25 हजार करोड़ से भी कम था, वह आज पांच गुना बढ़कर 125 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। हाल के वर्षों में हर बजट को गांव, गरीब और किसानों का बजट कहा जाता है।

कृषि क्षेत्र की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा जब तक एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़ी चुनौतियों को दूर नहीं कर लिया जाता, संपूर्ण विकास का लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता।श देश के कई क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उसमें युवाओं की हिस्सेदारी भी बढ़ रही है। लेकिन एग्रीकल्चर सेक्टर में उनकी भागीदारी कम है जबकि इसमें आगे बढ़ने की संभावनाओं से सभी वाकिफ हैं। इस क्षेत्र में निजी भागीदारी और निवेश भी कम है। इसी के मद्देनजर आम बजट में कई तरह के ऐलान किए गए हैं। इसके लिए ओपन सोर्स बेस्ड प्लेटफार्म को प्रोत्साहित किया गया है। एग्री-टेक डोमेन में भी अपार संभावनाएं बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलजी के माध्यम से ड्रिप इरिगेशन, किसानों को सलाह, स्वायल टेस्टिंग, किसानों को समय पर जानकारी मुहैया कराने और ड्रोन जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। पहले जहां षि क्षेत्र में स्टार्टअप्स न के बराबर थे, अब उनकी संख्या तीन हजार के पार पहुंच चुकी है। अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 घोषित होने का फायदा उठाते हुए मोटे अनाज को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है।

सरकार छोटे किसानों के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खोल रही है, जिसके लिए वैश्विक बाजार तैयार हो रहा है। आम बजट में इसे श्रीअन्न की पहचान मिली है।

आम बजट में सहकारिता को दिए महत्व के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सहकारिता में नई क्रांति हो रही है। अभी तक यह कुछ एक राज्यों तक ही सीमित रहा, उसे अब विस्तार मिल रहा है। बजट में नई टैक्स रियायतें देकर सहकारी संस्थाओं को प्रोत्साहित किया गया। सहकारी समितियों को तीन करोड़ रुपये तक की नगद निकासी पर टीडीएस नहीं लगेगा। सहकारी क्षेत्र में यह भाव हमेशा से रहा कि बाकी कंपनियों के मुकाबले उनके साथ भेदभाव किया जाता है, जिसे आम बजट में समाप्त कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सहकारी संस्थाएं पहले से नहीं है, वहां डेयरी और मत्स्य से जुड़ी सहकारी संस्थाओं को बहुत लाभ होगा। मत्स्य क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएं हैं। पिछले 8 से 10 वर्षों में मत्स्य उत्पादन में 70 लाख टन की वृद्धि हुई है।प्रातिक खेती को प्रोत्साहन की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे बढ़ावा देने और केमिकल आधारित खेती को घटाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। पीएम प्रणाम योजना और गोबरधन योजना से बड़ी मदद मिलेगी।

## मंत्री आवास जा रहे बीएड टीईटी प्रशिक्षितों को पुलिस ने रोका,विवाद

**देहरादून।** सहायक अध्यापक भर्ती की काउंसिलिंग दोबारा शुरू करने की मांग लेकर बीएड टीईटी प्रशिक्षित महासंघ से जुड़े बेरोजगार शुक्रवार को भी यमुना कालोनी पहुंचे। लेकिन पुलिस ने उन्हें यमुना कालोनी गेट पर ही रोक दिया। जिससे वहां बेरोजगारों और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर झड़प व कहासुनी हुई। इसके बाद बेरोजगार वहीं धरना प्रदर्शन करने लगे।

प्रदेश अध्यक्ष संगीता शाह ने बताया कि विभाग ने वर्ष 2018, 2020 तथा 2021 में सहायक अध्यापक (प्राथमिक ) के 3099 पदों पर विज्ञप्ति जारी की थी।

मगर चार वर्षों से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद विभाग अभी तक मात्र 1700 पदों पर ही नियुक्ति पूर्ण कर सका है। शेष 1000 पदों पर भर्ती की नियुक्ति प्रक्रिया को बिना किसी ठोस कारण से रोका हुआ है। जिससे अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे बीएड प्रशिक्षितों में भारी रोष है । कांग्रेस नेता पंकज क्षेत्री भी उनके समर्थन में पहुंचे और उनके साथ वहां धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अरविंद राणा, राजीव बिद्ध, प्रताप,जगत किशोर, योगराज ,मनोज, वंदना, पूजा, प्रीति, रेखा और कविता सहित कई बेरोजगार मौजूद रहे।

## राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल को गोली-बम से उड़ाया, दोनों गनर घायल

**प्रयागराज, एजेंसी।** चर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम स्वचालित हथियार से गोली मार कर हत्या कर दी गई। उनकी सुरक्षा में लगे दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली और बम की तड़तड़ाहट से इलाका थर्रा उठा। घटना शुक्रवार की शाम 5रू15 बजे उस वक्त हुई जब उमेश जिला कचहरी से कार से धूमनगंज स्थित अपने घर पहुंचे। घटना के बाद हमलावर बाइक से भाग निकले। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने हत्या की पुष्टि की।

वारदात के बाद धूमनगंज और आसपास का इलाका छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस का कहना है कि घर वाले जैसी तहरीर देंगे, उसी के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा में तैनात दोनों सिपाही संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। शहर पश्चिम के विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को धूमनगंज इलाके में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनके रिश्तेदार और दोस्त उमेश पाल मुख्य गवाह थे। उमेश ने लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में राजू पाल हत्याकांड की पैरवी की थी। इसी कारण अतीक गिरोह से उनकी खुलेआम दुश्मनी हो गई थी।



कचहरी में गवाही देने गए उमेश का 2016 में अपहरण कर लिया गया था। अपहरण कांड में अतीक, उसके भाई अशरफ समेत कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अपहरण के उसी मामले में शुक्रवार को गवाही थी। उमेश वकील भी थे। वह अधिवक्ता के यूनिफार्म में अपने दोनों गनर संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह के साथ गवाही के लिए जिला कचहरी गए थे। करीब साढ़े चार बजे वे क्रेटा गाड़ी से वापस सुलेमसराय, धूमनगंज स्थित अपने घर के लिए चल दिए। जैसे ही गेट पर गाड़ी रोककर उमेश उतरे, पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। उमेश गोली लगने से गिरने के बाद उठकर घर के भीतर भागे। साथ में उनकी सुरक्षा में लगे दोनों सिपाही भी उन्हें बचाने के लिए घर के अंदर भागे। लेकिन, हमलावरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए घर के अंदर घुसकर स्वचालित हथियारों से लगातार गोलियां बरसाईं। इस दौरान बदमाशों ने बम भी चलाए। बम और गोलियों की बौछार से इलाका थर्रा गया। हमलावर वहां से बाइक से फरार हो गए।

## तीन साल बाद कोरोना मुक्त हुआ उत्तराखंड, प्रदेश में अब एक भी एक्टिव केस नहीं

**देहरादून।** कोविड महामारी के तीन साल बाद उत्तराखंड कोरोना मुक्त हुआ है। वर्तमान में एक भी सक्रिय मामला नहीं है। पिछले एक सप्ताह से प्रदेश में कोरोना का कोई नया संक्रमित नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमण को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। संदिग्ध लक्षणों वाले मरीजों के सैंपलों की जांच हो रही है।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण का पहला मामला 15 मार्च 2020 को मिला था। इसके बाद से प्रदेश में संक्रमण का प्रसार लगातार बढ़ता गया। कोविड महामारी के इन तीन सालों में पहली बार राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या शून्य हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि कोरोना महामारी को लेकर अधिकारियों को विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसका नतीजा है कि प्रदेश में एक सप्ताह से कोरोना का नया संक्रमित नहीं मिला है। अब एक भी सक्रिय मामला नहीं है। वहीं अस्पतालों व मेडिकल कलेजों में कोरोना सैंपलों की जांच लगातार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2023 के अब तक राज्य में कोविड संक्रमण के मात्र 78 मामले सामने आए। विभागीय सक्रियता व लोगों की जागरूकता के चलते तीन साल बाद प्रदेश भर में सक्रिय मामले शून्य हुए हैं। प्रदेश में भले ही कोरोना के सक्रिय मामले नहीं हैं, इसके बावजूद कोरोना को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशों का पालन जरूरी है। संक्रमण की रोकथाम के लिए अस्पतालों व मेडिकल कलेजों में कोरोना की जांच जारी रहेगी।

## जम्मू-कश्मीर: अनंतनाग में आतंकी हमला

**श्रीनगर, एजेंसी।** अनंतनाग के बिजबिहाड़ा के हसनपोरा तवेला इलाके में शुक्रवार शाम को आतंकियों ने हमला किया है। फायरिंग की चपेट में आने से शहीद हेड कांस्टेबल का बेटा घायल हो गया। उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मस्जिद के बाहर आतंकी हमले में आसिफ गनई को गोली लगी है। उन्हें उपचार के लिए भेजा गया है। आतंकी हमले के बाद पूरे इलाके को घेरकर हमलावारों की तलाश की जा रही है। आरएस पुरा स्थित भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित गांव देवीगढ़ से शुक्रवार को गुब्बारों के साथ बैनर मिला है। किसानों ने जमीन पर पड़े गुब्बारों के साथ इस बैनर को देवीगढ़ स्थित सीमा सुरक्षा बल की 42वीं वाहिनी के जवानों को सौंपा। गुब्बारों के साथ बंधे इस बैनर पर बीकन हाउस स्कूल सियालकोट कैंपस एनुअल स्पोर्ट्स गाला 2023 लिखा हुआ था।

## चोरी का आरोपी थाने की दीवार फांदकर फरार

**हरिद्वार।** एक मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो सगे भाईयों में से एक आरोपी लघुशंका के बहाने मौका पाकर थाने की दीवार फांदकर फरार हो गया। आरोपी के फरार होने की सूचना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। देर रात तक पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। दरिद्र भंजन महादेव मंदिर में तीन दिन पहले चोरी की घटना हुई थी। चोरों ने मंदिर से टीवी, चांदी का छत्र समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए थे। गुरुवार रात पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाईयों रवि सरदार और जितेंद्र उर्फ चवन्नी निवासी मोहल्ला कुम्हारगढ़ा कनखल को गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाना था। सुबह के समय आरोपी रवि सरदार ने लघुशंका की बात कही।

## मारपीट और लात-घूंसे चलने के बाद नगर निगम का सदन स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) के चुनावों में नतीजों के बाद से सदन में हंगामा बरप रहा है। भाजपा और आम आदमी पार्टी (।ंच) के बीच जमकर मारपीट हो गई। वहीं, महापौर शैली ओबेरय के साथ भी हाथापाई है। आप और भाजपा और पार्षदों के बीच जमकर लात-घूंसे चल रहे हैं। साथ ही एक दूसरे पर कुर्सियां दें की गई हैं।पार्षदों के बीच बुरी तरह से मारपीट हुई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, बीच-बचाव करने के बाद भी पार्षद नहीं माने। वहीं, मारपीट में भाजपा की मीनाक्षी शर्मा (नांगलोई वार्ड से पार्षद) घायल हो गईं।



उन्होंने कहा कि उनपर किसी नुकीली चीज से वार किया गया है। वहीं, एक पार्षद मारपीट की वजह से बेहोश भी हो गया।भाजपा नेता बिजेंद्र गुप्ता ने कहा कि चुनाव परिणामों के साथ टेड़छाड़ की जा रही है। गलत घोषणाएं की जा रही हैं और वे आपस में मारपीट कर रहे हैं। हमारे कई पार्षद घायल हो गए। एफआईआर कराई जा रही है। जिस तरह से उन्हें पीटा गया है, आम आदमी पार्टी ने दिखाया है कि वे गुंडों की पार्टी हैं।आम आदमी पार्टी की नेता आतिशि ने आरोप लगाया कि आज सिविक सेंटर में भाजपा ने गुंडागर्दी दिखाई।

स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव चल रहा था। जब मतगणना शुरू हुई तो भाजपा को एहसास हुआ कि वे हार रहे हैं और उन्होंने हंगामा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पुरुष पार्षद ने मेयर शैली ओबेरय पर हमला किया था।उन्होंने कहा कि यह कैसा व्यवहार है? यह शर्मनाक और निंदनीय है। देश यह देख रहा है। भाजपा को अपनी हार स्वीकार कर लेनी चाहिए। मैं बीजेपी से अनुरोध करता हूं कि वह अपनी गुंडागर्दी बंद करे। मेयर पर हमला करने वालों को सलाखों के पीटे भेजा जाएगा।स्थायी समिति के चुनावों की मतगणना अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। भाजपा पार्षद इसका विरोध कर रहे हैं।

## जनजातीय समाज का राष्ट्रनिर्माण में है बड़ा योगदान: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थारू विकास भवन में आयोजित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समाज का राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलित और वनवासी समाज के लिए अस्तित्व, अस्मिता और आत्मनिर्भरता का जो मंत्र दिया था उसका आज संपूर्ण देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अक्षरशः पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें यह याद रखना होगा कि पेड़ चाहे जितना भी विशाल हो, वह तभी खड़ा रह सकता है, जब उसकी जड़ें मजबूत हों। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज हमारे वटवृक्ष रूपी देश की मजबूत जड़ के समान है, इसलिए हमारी डबल इंजन की सरकार का मानना है कि जनजातीय समाज का मजबूत और आत्म निर्भर बनना हमारे देश और प्रदेश की उन्नति के लिए परम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक ऐतिहासिक कार्य का विरोध करने वाले लोगों को जनजातीय सम्मेलन के आयोजन पर भी एतराज होता था, ऐसे लोगों को जनजातीय समाज द्वारा नव भारत निर्माण में किए गए योगदान का आभास ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान की जानकारी से देश को अंधेरे में रखा गया और अगर बताया भी गया तो बहुत ही सीमित दायरे में। परन्तु वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश जाग चुका है और अब कोई भी इनकी संसति और इतिहास के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले राजनीतिज्ञों में दलित और जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी थी, उन्होंने इस समाज के व्यावसायिक हितों पर कोई ध्यान नहीं दिया और दिखावे तक ही दलित समाज के विकास की बात किया करते थे। पूर्व में राजनीतिज्ञों द्वारा जनजातीय समाज को धर्म के नाम पर आपस में बांटकर देश में वोटबैंक की राजनीति करने का महाषड्यंत्र भी रचा गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए कई ऐसी योजनाओं को लागू किया है, जिनसे यह समाज विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हर साल एससीध्एसटी के कल्याण के लिए आम बजट में जहां आवश्यक बढ़ोतरी की गई, वहीं उनकी आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थित को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले भी लिए गए हैं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत उन गांवों को आदर्शों गांवों में विकसित किया गया, जिनकी आबादी में 50 प्रतिशत जनसंख्या एससीध्एसटी वर्ग की थी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जहां एक ओर उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना में गरीबों, शोषितों, वंचितों, आदिवासियों और दलितों को प्राथमिकता दी वहीं आयुष्मान योजना द्वारा इस वर्ग का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया । उन्होंने कहा कि आज 50 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाले क्षेत्र में एकलव्य स्कूल खोले जा रहे हैं। सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि एक और जहां कालसी, बाजपुर एवं खटीमा में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है वहीं दूसरी और ग्राम मैरावना, चकराता व देहरादून में भी नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री द्वारा गठित ड- अंबेडकर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दलित और जनजातीय समाज के कल्याण और पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश की आजादी के अमृत काल में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश अपने अमृत संकल्पों को पूर्ण करने में अवश्य सफल होगा और विश्व गुरु भारत का परचम संपूर्ण विश्व में लहराएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के उच्चीत आदेश कक्ष तथा उच्चीत परिवहन शाखा बैरेक का भी उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, ड.भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण समिति के अध्यक्ष शीशराम, एसके सेन आदि ने भी अपने अपने विचार रखे।

## महाराष्ट्र के दो जिलों के नाम बदलने को लेकर केंद्र की हरी झंडी

### औरंगाबाद और उस्मानाबाद को मिली नई पहचान

**महाराष्ट्र, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर कर दिया है। वहीं, उस्मानाबाद का नाम धाराशिव करने की मंजूरी भी दे दी है। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने पहले ही इसका एलान कर दिया था। अब इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार द्वारा भी मंजूरी मिल गई है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट करते हुए इसकी जानकारी दी है।



देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट में जिले के नाम बदलने की जानकारी साझा करते हुए पीएम मोदी और अमित शाह को इस फैसले के लिए धन्यवाद दिया।

औरंगाबाद का नाम मुगल बादशाह औरंगजेब के नाम पर रखा गया था, जबकि उस्मानाबाद का नाम हैदराबाद रियासत के 20वीं सदी के शासक के नाम पर रखा गया था।

छत्रपति संभाजी राजे, छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े पुत्र थे और अपने पिता द्वारा स्थापित मराठा राज्य के दूसरे शासक थे। 1689 में औरंगजेब के आदेश पर संभाजी महाराज को फांसी दे दी गई थी।

वहीं, धाराशिव, उस्मानाबाद के पास एक गुफा परिसर का नाम, कुछ विद्वानों के अनुसार यह गुफा 8वीं शताब्दी का है। गौरतलब है कि हिंदू दक्षिणपंथी संगठन लंबे समय से दोनों शहरों का नाम बदलने की मांग कर रहे थे।

बता दें कि पिछले हफ्ते अतिरिक्त सलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने बम्बे हाई कोर्ट को बताया था कि उस्मानाबाद शहर के नाम परिवर्तन पर केंद्र सरकार ने अपनी आपत्ति नहीं दी है, लेकिन अभी तक औरंगाबाद शहर का नाम बदलने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हालांकि, केंद्र ने अब कुछ राजनीतिक दलों के साथ-साथ राज्य के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए दोनों नामों में बदलाव को मंजूरी दे दी।

## शिक्षक कोर्ट केस वापस लें तो एक हफ्ते में सारे प्रमोशन: धन सिंह

**देहरादून।** तदर्थ विनियिमित और सीधी भर्ती शिक्षकों के सीनियरटी विवाद में पिस रहे 2500 से ज्यादा शिक्षकों को राहत मिल सकती है। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने प्रमोशन विवाद का हल निकालने के लिए 28 फरवरी को शिक्षक संगठनों की बैठक बुला ली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि, सीनियरटी विवाद के कोर्ट के विचाराधीन होने की वजह से सरकार निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है। यदि सभी शिक्षक अपने केस वापस ले लेते हैं तो एक हफ्ते के भीतर सभी प्रमोशन कर दिए जाएंगे।

तदर्थ विनियिमित शिक्षकों को वर्ष 1995 के जीओ के अनुसार नियुक्ति तारीख से सीनियरटी न देने के आदेश को लोक सेवा अभिकरण निरस्त कर चुका है। पिछले साल 21 अप्रैल 2022 को अभिकरण यह फैसला देते हुए सरकार को तीन महीने के भीतर इस विवाद का निस्तारण करने के आदेश दिए। सरकार के स्तर पर तीन महीने में फैसला नहीं कर पाई। इस बीच सीधी भर्ती शिक्षकों ने अभिकरण के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर कर दिया।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया चंपावत संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) कार्यालय का शुभारम्भ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जनपद चम्पावत मुख्यालय के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) कार्यालय का शुभारंभ किया। गोरलचोड़ मैदान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने चंपावत के विकास का संकल्प लिया है। उत्तराखण्ड में विराजमान देवी-देवताओं का तथा सभी लोगों का ही आशीर्वाद है कि वे पूरे प्रदेश के साथ ही चम्पावत के लिए मुख्य सेवक के रूप में कुछ कर पा रहे हैं, और इस कार्यालय का शुभारम्भ उस संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में उठाया गया कदम है। आगे भी ऐसे कार्य नित प्रतिदिन होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही यहां के लोगों की ये मांग आज पूरी होने पर जितनी खुशी आप लोगों को है, उससे कहीं ज्यादा खुशी उन्हें हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत में परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक कार्यालय होने से यहां पर वाहनों की फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेंस बनने जैसे कार्य होंगे तथा जनता के समय व धनराशि की बचत भी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए वह सदैव प्रयासरत हैं। इसी उद्देश्य से जिला मुख्यालय एवं टनकपुर में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की स्थापना की गई है। ताकि यहां के लोगों को अनावश्यक देहरादून के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किए गए सभी वादों को समय पर पूरा करने का पूरा प्रयास भी कर रही है, इसी का परिणाम है कि चम्पावत भ्रमण के दौरान जिस सिप्टी वाटर फॉल के सौंदर्यीकरण की घोषणा की थी, महाशिवरात्रि के दिन से ही इस कार्य की शुरुआत हो चुकी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने टनकपुर में अंतरराज्यीय बस अड्डे की घोषणा की थी, उसके लिए भी धनराशि आवंटित कर दी है, जिला पुस्तकालय के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गयी है, राजकीय स्नात्तोकोत्तर महाविद्यालय चम्पावत को सोबन सिंह जीना विश्वविधालय अल्मोड़ा का परिसर बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान हो गयी है, इस कॉलेज को मॉडल कॉलेज भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जनपद में कई विकास कार्य लगातार किये जा रहें है और आगे भी किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विभिन्न क्षेत्रों में विश्व में पहचान बनी है। प्रधानमंत्री जी के दिशा निर्देशन में सरकार भी उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने "विकल्प रहित संकल्प" के मंत्र के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सभी के सहयोग से हम 2025 तक उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संभागीय निरीक्षक कार्यालय द्वारा बनाए गए लक्ष्मण सिंह के वाहन संख्या यूके 03 टीए 0491 का फिटनेस सर्टिफिकेट तथा सुरेश चन्द्र पाल और पुष्पा जोशी का लर्निंग लाइसेंस भी वितरित कर कार्यालय के कार्यों की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विकास हेतु अनेक घोषणाएं भी की जिसमें,- चम्पावत में आर्मी स्कूल खोला जाएगा। इसके लिए निशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी।

– गोल्ज्यू मन्दिर के समीप पीडब्ल्यूडी की भूमि पर बने क्वार्टर्स को अन्यत्र सरकारी भूमि आवंटित की जाएगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग धनराशि आवंटित करेगा।

– गोल्ज्यू मन्दिर के समीप पीडब्ल्यूडी की भूमि पर एवं पशुपालन की भूमि पर पर्यटन अवस्थापनाओं का विकास किया जाएगा ताकि मानसखण्ड कॉरिडोर से जुड़े इस भव्य मन्दिर को पर्यटन से जोड़ा जा सके।

– लोहाघाट नगर के लिए जल्द ही सरयू पेयजल योजना के सम्बन्ध में उपयुक्त पाये जाने पर डीपीआर बनाया जाएगी

– टनकपुर बनबसा में तत्काल विस्तृत ड्रेनेज प्लान सिंचाई विभाग द्वारा बनाया जाएगा।

– गौरलचौड़ मैदान के समीप पुरानी जेल वाली भूमि पर ओपन एयर थियेटर पर्यटन द्वारा बनाया जाएगा। इसमें कुमाऊँनी शैली की वास्तुकला प्रयोग में लायी जाएगी।

– राजकीय उच्चतर मा-विद्यालय डुंगराबोरा के उच्चीकरण के सम्बन्ध में (इण्टर तक)।

– जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में लोहाघाट पंचेश्वर मोटरमार्ग के खीड़ी गांव से धौनी शिलिंग मोटर मार्ग का पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा।

इस दौरान क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विकास हेतु नित नए निर्णय लिए जा रहे हैं जिसमें नकल विरोधी कानून एक महत्वपूर्ण निर्णय है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, नगर पालिका अध्यक्ष विजय वर्मा, लोहाघाट पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा, एआरटीओ सुरेंद्र कुमार समेत विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं को जच्चा बच्चा की देखभाल का प्रशिक्षण दिया

विकासनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता की ओर से आर्य समाज मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय आशा प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। तीन दिनों तक आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के साथ ही जच्चा-बच्चा की देखभाल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षणों को पहचान करना। खून की कमी एनीमिया का उपचार, नियमित टीकाकरण की जानकारी दी। प्रशिक्षक महावीर सिंह राणा ने आशा कार्यकर्ताओं को बताया कि गांवों में परिवार नियोजन, महिलाओं के पौष्टिक आहार की जानकारी देने के



साथ ही प्रसव के बाद महिला को अपनी और नवजात शिशु की देखभाल करने की जानकारी भी आशा कार्यकर्ताओं को ही देनी होती है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता ही स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। विभागीय योजनाओं के संचालन के साथ ही गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के टीकाकरण का ध्यान रखना भी आशा कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी है।

## उत्तरकाशी के स्थापना दिवस मेले का रंगारंग आगाज

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के स्थापना दिवस पर डुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकास एवं सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ टिहरी सांसद महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने किया। उन्होंने कहा कि मेलों का सांस्कृतिक महत्व रहा है। जो लोगों को जोड़ने के साथ ही स्थानीय संस्कृति एवं परंपराओं से भी रूबरू होने का अवसर देते हैं। कहा कि पारम्परिक मेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। मां रेणुका संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से आयोजित मेले का शुभारंभ शुक्रवार को क्षेत्र के रेणुका देवी और कचडू देवता की डोली के सानिध्य में टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह व गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। इस मौके पर विधायक ने जिले की 64 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपदवासियों को बधाई दी और कहा कि सीमांत जिला विकास के क्षेत्र में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। कहा कि विकास एक सतत प्रकिया है इसलिए अभी भी बहुत कुछ और करने की आवश्यकता है।

# मुख्यमंत्री ने किया चम्पावत में 4884.21 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर चम्पावत में जनपद चंपावत के विकास हेतु 4884.21 लाख की कुल 10 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें से 4628.36 लाख की लागत की 8 योजनाओं का शिलान्यास तथा 255.85 लाख की 2 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन कल्याण एवं सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर एवं त्वरित ढंग से हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं। शिलान्यास की गई योजनाओं में 35 लाख रुपये की लागत राजकीय पॉलिटेक्निक लोहाघाट में महिला छात्रावास का निर्माण, 1800 लाख की लागत से जनपद के अंतर्गत



राजकीय पॉलिटेक्निक चंपावत का भवन निर्माण कार्य, 1600 लाख की लागत के राजकीय पॉलिटेक्निक टनकपुर का भवन निर्माण कार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक चंपावत में एप्रोच रोड का निर्माण कार्य लागत 101.47 लाख रुपये, जनपद चंपावत के अंतर्गत ग्राम डड़ा बिष्ट (कुलेठी) चंपावत में 357.95 लाख स्वीकृत लागत से बनने वाले हेलीपोर्ट निर्माण कार्य के साथ ही 131.19 लाख की लागत के एबॉट माउंट लोहाघाट में हेलीपोर्ट विकसित किए जाने हेतु तत्संबंधी निर्माण कार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक लोहाघाट में 200 लाख की लागत से बनाए जाने वाले बहुउद्देशीय हाल के निर्माण के साथ राज्य योजना के अंतर्गत जनपद चंपावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के विकासखंड पाटी में 402.75 लाख की स्वीकृत लागत से रीठा ढोलीगांव मोटर मार्ग का सुधारीकरण/डामरीकरण का कार्य का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में राज्य योजना अंतर्गत जनपद के विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत धोन ड्यूरी मोटर मार्ग से बढ़ेगी (आगर तोक) मोटर मार्ग स्वीकृत लागत 110.90 लाख से पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य, विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के विकासखंड पाटी के खेतीखान तपनीपाल मोटर मार्ग कुल स्वीकृत लागत 144.95 लाख के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य शामिल है।

## एक नजर

### ए प्लस स्टुडियो का उत्तराखंडी गीत संगीत संध्या 26 को

देहरादून। उत्तराखंड के लोकसंगीत व कलाकारों के उत्थान में लगा ए प्लस स्टूडियो अपनी स्थापना दिवस पर उत्तराखंडी गीत संगीत संध्या का आयोजन 26 फरवरी को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में करेगा। इसका उद्घाटन वन मंत्री सुबोध उनियाल करेंगे। दून लाइब्रेरी के निकट हुई प्रेसवार्ता में स्टुडियो संस्थापक व संगीतकार रणजीत सिंह ने बताया कि वह पिछले 27 साल से उत्तराखंड की संस्कृति क्षेत्र में काम कर रहे हैं। स्टूडियो ने पिछले 4 साल में करीब 100 लोक कलाकारों के गीतों की निशुल्क रिकॉर्डिंग की है। ये वह कलाकार हैं जो स्टुडियो आकर रिकॉर्डिंग नहीं करा पाते। इन लोगों के लिए प्लस स्टूडियो की टीम गांव-गांव जाकर निशुल्क रिकॉर्डिंग करती है। स्टूडियो अपनी वर्षगांठ पर उत्तराखंड के पारंपरिक गीत एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति व वरिष्ठ कलाकारों को सम्मानित करता है। इस बार 100 लोग सम्मानित होंगे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी करेंगे। इस बार के खास कार्यक्रम में डीडीहाट पिथौरागढ़ का छोलिया नृत्य, थडिया चौफ़ला, झोड़ा चांचरी की प्रस्तुति होगी। बेडू पाको गीत पर 25 बच्चों की नृत्य प्रस्तुति, सामूहिक गीत व मनोरंजक कार्यक्रम होंगे।

### कोरियर अटकने के झांसे में गंवाए 54 हजार

देहरादून। कोरियर अटकने के झांसे में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। आईटी पार्क चौकी इंचार्ज धनीराम पुरोहित ने बताया कि एसपी सिंह निवासी पैसिफिक गोल्फ स्टेट ने तहरीर दी। कहा कि वह एक कोरियर की ऑनलाइन तलाश कर रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी हरजीत के मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि कोरियर अटक गया। पांच रुपये का भुगतान करने के लिए लिंक भेजा। उसमें पीड़ित पक्ष ने जानकारी डाली तो उनके खाते से 54 हजार रुपये कट गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यूकेडी का टीएचडीसी के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। उत्तराखंड क्रांति दल ने टीएचडीसी प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोला है। वे टीएचडीसी द्वारा सुरक्षा कर्मियों को निकाले जाने से नाराज हैं। उन्होंने टीएचडीसी प्रशासन पर सुरक्षा कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया और दुबारा बहाल करने की मांग की। शुक्रवार को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता इंद्रमणि बडोनी चौक पर एकत्रित हुए। वहां से उन्होंने रैली निकालकर टीएचडीसी गेट पर प्रदर्शन किया। केंद्रीय महामंत्री संगठन मोहन सिंह असवाल ने कहा कि टीएचडीसी से निष्कासित किए गए सुरक्षा कर्मियों की बहाली की जानी चाहिए। आरोप लगाया कि टीएचडीसी प्रशासन जानबूझकर सुरक्षा कर्मियों का उत्पीड़न कर रहा है और किसी न किसी बहाने से निष्कासित करने में लगा है। कहा कि टीएसडीसी की भर्तियों में 70 प्रतिशत आरक्षण



स्थानीय और प्रदेश के नागरिकों को मिलना चाहिए। यूकेडी के प्रदर्शन के चलते तहसीलदार डा.अमृता शर्मा मौके पर पहुंची, उन्होंने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान वहां पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन करने वालों में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना, महानगर जिला अध्यक्ष ऋषिकेश उपेंद्र सकलानी, रामेश्वरी चौहान, उषा चौहान, दरबार नैथानी, राकेश चमोली, बिपिन रावत, बीना, मीना जोशी, रामदेव, बबीता, मधु गैरोला आदि उपस्थित रहे।

## मोरी के दस गांव में नही पहुंच पाई संचार सेवा

उत्तरकाशी। मोरी ब्लॉक के दस गांव ऐसे हैं जहां पर राज्य बनने के 23 वर्ष बाद भी संचार सेवा का आभाव बना है। इस कारण स्थालीय लोगों को खासी दिक्कत उठानी पड़ती है। गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के ओसला, पंवाणी, गंगाड़, लिवाड़ी, फिताड़ी ,रेकचा, कासला, राला, हरिपुर आदि गांव में संचार सेवा का आभाव है।

स्थानीय ग्रामीण राजपाल सिंह रावत, उमराव सिंह चौहान, जयमोहन सिंह राणा, बलवीर आदि ने बताया की पिछले छह दशकों में भले ही जनपद में कई गांवों ने नगरों का रूप ले लिया हो लेकिन आज भी जिले के यह गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

# बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 25 और 26 मार्च को

ऋषिकेश। ऋषिकेश बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन 25 व 26 मार्च को बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित करेगा। जिसमें मिस्टर हिमालय को 51 हजार रुपये, मिस्टर उत्तराखंड को 25 हजार रुपये और मैन फिजिक्स को 15 हजार रुपये, मिस्टर ऋषिकेश को 15 हजार रुपये और वूमेन फिजिक्स को 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

शुक्रवार को ऋषिकेश बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन ने बंगाली मंदिर रोड स्थित एक होटल में बैठक की। बैठक में अध्यक्ष प्रदीप कोहली व महासचिव विवेक तिवारी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें रवि नेगी को कोषाध्यक्ष, राज वर्मा, नीरज शर्मा, राकेश कुमार, साकेत बिजल्वाण को उपाध्यक्ष, विकास सेमवाल को सह सचिव, नीरज चौहान, अभिषेक रावत को प्रचार प्रसार विज्ञापन प्रमुख, रंजन अंथवाल को मीडिया कॉर्डिनेटर बनाया गया। ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में अश्वनी गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट, अरविंद नेगी, भारती गर्ग, रंजन अंथवाल, विवेक शर्मा, ऋषभ जैन तथा वर्किंग कमेटी में अमित कश्यप, आदेश कुमार, अशोक रावत, हनी पंवार, अभिषेक कुमार, रवि ठाकुर, अमनदीप नेगी और दीपक कल्याणी को रखा गया। संरक्षक मंडल में शैलेंद्र बिष्ट, कपिल गुप्ता, सुधीर राय, संजीव चौहान, प्रतीक कालिया, वीरेंद्र रमोला होंगे।

# तहसील क्षेत्र के सभी कार्यालय चकराता से संचालित किए जाएं

विकासनगर। चकराता ब्लॉक के सरकारी कार्यालयों को कालसी, पछुवादून से संचालित किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। शुक्रवार को स्थानीय जनता ने पुरोड़ी में बैठक कर सरकार से सभी कार्यालय मूल जगहों से ही संचालित करने की मांग की गई। बैठक में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता भीमदत्त वर्मा ने कहा कि एक ओर सरकार पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए गांवों में हर सुविधा मुहैया कराने का दावा कर रही है। वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी क्षेत्रों में संचालित हो रहे कार्यालयों को अधिकारी अपनी मर्जी से मैदानी क्षेत्रों में स्थानांतरित कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को अपने आवश्यक कार्यों के लिए कई किमी का चक्कर काटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चकराता ब्लॉक से सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, वन विभाग, जल संस्थान, जल निगम समेत अन्य कई सरकारी कार्यालय कालसी और विकासनगर से संचालित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने काम के लिए कालसी और विकासनगर की दौड़ लगानी पड़ती है। पूर्व प्रधान मोहन शर्मा ने कहा कि बरसात और बर्फबारी के दौरान कई दिनों तक क्षेत्र के प्रमुख और संपर्क मार्ग बंद हो जाते हैं, जिससे ग्रामीण अपने काम के सिलसिले में कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते हैं। कहा कि चकराता तहसील क्षेत्र अधिकांश गांव दुर्गम क्षेत्रों में स्थित हैं।

## कोठा पंजिया मोटर मार्ग पर कई तीखे मोड़ पर नहीं एक भी पैराफीट

विकासनगर। कोठा बैंड से पंजिया मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने 13 किलोमीटर लंबे इस मोटर मार्ग पर ऐसे कई तीखे मोड़ हैं, जहां से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे पैराफीट न होने के कारण मोटर मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं है। कोठा बैंड से पंजिया मोटर मार्ग पर आवागमन करने वाले ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि कोठा बैंड से पंजिया तक एक भी पैराफीट नहीं है। विभाग द्वारा सड़क किनारे मात्र 2 फीट की खूंटियां लगाई गई हैं।

# 27 फरवरी को सीएम करेंगे श्रीदेव सुमन विवि कैंपस में निर्माण कार्यों का शिलान्यास

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश में 27 फरवरी को सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचेंगे। वह महाविद्यालय में लगभग 25 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रशासनिक व शैक्षणिक भवन का शिलान्यास करेंगे। शुक्रवार को बैराज मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति व प्रोफेसरों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रीदेव सुमन कैंपस पर 25 करोड़ 19 लाख 15 हजार की लागत से प्रशासनिक व शैक्षणिक भवन का शिलान्यास होना है। यह सौभाग्य की बात है कि सीएम पुष्कर सिंह धामी 27 फरवरी को ऋषिकेश



विधानसभा की जनता के बीच होंगे। कार्यक्रम के तहत युवाओं को प्रेरित करने वाले नशा मुक्ति कार्यक्रम भी किए जाएंगे। कहा कि ऋषिकेश विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों सहित राज्य में महिला आरक्षण, नकल विरोधी कानून जैसे अन्य जनहित फैसलों को लेकर सीएम का आभार प्रकट किया जाएगा।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने किया खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र के छोटूवाला स्थित सरकारी विद्यालय में शिक्षिकाओं के बीच हो रहे आपसी विवाद से नौनिहालों की पढ़ाई हो रहे नुकसान और शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय परिसर का बंटवारा किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव कर जमकर हंगामा काटा। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यालय में सक्षम अधिकारी के नहीं मिलने पर तालेबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे बाद खंड शिक्षाधिकारी के पहुंचने पर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच वार्ता शुरू हुई। ग्रामीण दोनों ही विद्यालयों में तैनात शिक्षिकों का अन्यत्र तबादला करने की मांग पर पड़ अड़े रहे। बीईओ ने ग्रामीणों को जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय छोटूवाला और उच्च प्राथमिक विद्यालय छोटूवाला एक ही परिसर



में संचालित होता है। दोनों ही विद्यालयों में तैनात शिक्षिकाओं का लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा है, जिसका खामियाजा नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा है। बताया कि तीन दिन पूर्व दोनों ही विद्यालयों की शिक्षिकाएं नौनिहालों के सामने ही आपस में भिड़ गई थी। जिसके बाद शिक्षिकाओं ने विद्यालय प्रांगण का ही बंटवारा कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में शिक्षिकाओं के बीच हर दिन विवाद होता रहता है, जिससे नौनिहालों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बादामावाला पंचायत के उप प्रधान रोहित कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग के ब्लॉक मुख्यालय से विद्यालय की दूरी मात्र एक किमी है, बावजूद इसके अधिकारी विद्यालय में जाकर शिक्षिकाओं की मनमानी को रोकने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।

कहा कि शिक्षिकाएं दोनों ही विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों को भी एक दूसरे से मिलने से रोककर उनके बीच में भी मनमुटाव पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ही विद्यालयों में तैनात सभी शिक्षिकाओं का अन्यत्र तबादला किया जाना चाहिए।

# कोटद्वार-दुगड्डा के बीच जोखिम भरा सफर, हर मोड़ पर खतरा

## बदहाल स्थिति में पड़ा है कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नजीबाबाद–बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य का सफर कब यात्रियों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। हालत यह है पंद्रह किलोमीटर के इस सफर में पांच से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। कई स्थानों पर पहाड़ी से बोल्डर लुढ़कने की स्थिति बनी हुई है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी सिस्टम राष्ट्रीय राजमार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा।

राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति को सुधारने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डामरीकरण व डेंजर जोन मरम्मत के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। बजट मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया जाएगा

**अरविंद जोशी, अपर सहायक अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग**

मैदान से पहाड़ को जोड़ने वाले नजीबाबाद–बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य हर रोज सैकड़ों वाहन आवाजही करते हैं। लेकिन, वर्तमान में उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। बरसात के दौरान बने पांच से अधिक डेंजर जोन की विभाग ने सुध तक नहीं ली।

नतीजा, यह डेंजर जोन कब यात्रियों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। यही नहीं, दुर्गा मंदिर से आधा किलोमीटर पहले बने डेंजर जोन से लगातार बोल्डर गिरने का दौर जारी है।

पहाड़ी से गिर रहे पत्थर कई बार चारपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। ऐसे में सबसे अधिक चिंता दोपहिया वाहन चालकों को बनी रहती है। करीब एक वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से हाईवे पर करवाया गया डामर भी पूरी तरह गायब हो चुका हैं।



कोटद्वार—दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेंजर जोन से गुजरते वाहन

### इन स्थानों पर है डेंजर जोन

कोटद्वार से दुगड्डा 15 किलोमीटर के सफर में पहला डेंजर जोन सिद्धबली के समीप पुलिया से चंद कदम की दूर पर बना है। इसके उपरांत लालपुल से करीब एक किलोमीटर आगे भी डेंजर बना बना हुआ है। पांचवे मील के समीप भी राष्ट्रीय राजमार्ग का कुछ हिस्सा बरसात के बाद से गायब पड़ा हुआ है। आमसौड़ से करीब दो किलोमीटर पहले सबसे बड़ा डेंजर जोन है। जहां पहाड़ी से बोल्डर गिरने का खतरा रहता है और नीचे गड्ढों के बीच से वाहन गुजरते हैं। यही स्थिति दुर्गामंदिर से आधा किलोमीटर पहले भी बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व गड्ढे की चपेट में आने से एक दोपहिया वाहन चालक भी घायल हो गया था।

# विद्यार्थियों को दी स्वास्थ्य जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : राइंका खोलाचौरी में बालिका किशोरावस्था कार्यक्रम के तहत जिला होम्योयोपैथी चिकित्सालय की डा. फुलमिशा और डा. श्वेता उनियाल ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले बदलाव, किशोरावस्था स्वास्थ्य की देखभाल, शारीरिक और मानसिक रूप से संयमित जीवन को तनावमुक्त वातावरण सृजन की ओर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हर छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर उनके निदान हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। डा. फूलमिशा और डा. श्वेता उनियाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार आर्य ने दोनों चिकित्सकों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी रश्मि सेमवाल, विद्योत्तमवती, दीपशिखा, चन्द्र प्रकाश, वींरेंद्र खांकरियाल आदि मौजूद रहे।

# एक व्यक्ति ने रोक दिया 250 परिवारों का पानी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सरुड़ा व गैनाली के लिए बनाई गई घर-घर पेयजल योजना धरातल पर नहीं उतर पा रह है। दरसअल, जिन स्थान से गांव को पेयजल उपलब्ध करवाया जाना है उस पेयजल स्त्रोत पर एक व्यक्ति ने अपना कब्जा जमा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि व्यक्ति ने योजना निर्माण में कार्य करने पहुंचे श्रमिकों के साथ भी अभद्रता की है। ऐसे में अब ग्रामीणों ने प्रशासन से व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सरुड़ा व गैनोली के प्राकृतिक स्त्रोत पर एक व्यक्ति ने अपना कब्जा कर लिया है। व्यक्ति ग्रामीणों को घर–घर पेयजल योजना के तहत प्राकृतिक स्त्रोत से पाइप लाइन न बिछाने की जिद में अड़ा हुआ है। नतीजा गांव के करीब 250 परिवारों के घर तक पेयजल योजना पहुंचाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों पानी के लिए सार्वजनिक नल पर निर्भर हो गए हैं।

शुक्रवार को ग्रामीणों ने समस्या के संबंध में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार को ज्ञापन दिया। बताया कि ग्राम सरूड़ा व गैनोली के लिए घर–घर पेयजल योजना बनाई गई है। इसके लिए गांव के समीप प्राकृतिक स्त्रोत को चिन्हित किया गया है। लेकिन, गांव का ही एक व्यक्ति उक्त प्राकृतिक स्त्रोत पर कब्जा जमाए बैठा हुआ है। बताया कि कुछ दिन पूर्व जब योजना के तहत श्रमिक प्राकृतिक स्त्रोत में कार्य करने गए तो व्यक्ति ने उन्हें भगा दिया। यही नहीं, यह व्यक्ति ठेकेदार के साथ भी झगड़ा कर चुका है।

बताया कि उक्त प्राकृतिक स्त्रोत सरकारी भूमि पर बना हुआ है। उक्त व्यक्ति की जिद के कारण ग्रामीणों के लिए बनाई गई योजना धरातल पर नहीं उतर पा रही है। ग्रामीणों ने जल्द ही मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भरोसानंद, ताजवर सिंह, बृजमोहन, मुकेश चंद्र अनूप कुमार, भगवती प्रसाद, धीरज मोहन, राजेश्वरी देवी, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : गिवईस्त्रोत नई बस्ती निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। युवक का एक छोटा बेटा भी है। जबकि, उसकी पत्नी पिछले कई माह से अपने मायके में ही रह रही थी।

उपनिरीक्षक संजय रावत ने बताया कि योगेंद्र उर्फ शिवम (27) गुरुवार शाम नशे की हालत में अपने घर पहुंचा। योगेंद्र नशे की हालत में किसी बात को लेकर अपने परिजनों से लड़ने लगा। जिसके बाद परिजनों ने उसे कमरे में बंद कर दिया और दरवाजे पर बाहर से कुंड़ी लगा दी। शुक्रवार सुबह परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो योगेंद्र का शरीर रस्सी के सहारे पंखे के हुक से लटक रहा था।

पड़ोसियों की मदद से स्वजन योगेंद्र को निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजनों से मिली जानकारी के आधार पर संजय रावत ने बताया कि योगेंद्र नशे का आदी था। कुछ माह पूर्व उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। बताया कि योगेंद्र का एक छोटा बेटा भी है। पुलिस को कमरे से किसी भी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

# जागरूकता से घायल की जिंदगी बचा सकते हैं चालक

## परिवहर विभाग की ओर से आयोजित किया गया फर्स्ट रिस्पांडर प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : आपातकालीन स्थिति में घायल की जिंदगी बचाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से ऑटो, ई-रिक्शा व ट्रक चालकों को फर्स्ट रिस्पांडर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान चालकों को मिर्जी के मरीज को ठीक करने के भी गुर सिखाए गए।

शुक्रवार को प्रेक्षागृह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 108 के स्वास्थ्य कर्मी कपिल शर्मा व यशपाल सिंह ने चालक व परिचालकों को आपातकाल स्थिति में घायलों की मदद के तरीके बताए। कहा कि कुछ महत्वपूर्ण जानकारी से हम घायल व बीमार व्यक्ति को प्राथमिक उपचार मुहैया करवा सकते हैं। उन्होंने चालक व परिचालकों को मिर्गी के मरीज को किस तरह ठीक किया जा सकता है, इस बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कहा कि हमारी जागरूकता से किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। प्रभारी सहायक सभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप सिंह रौथाण ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाता है तो उक्त व्यक्ति पर किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं होती। इसलिए हमें दूसरों की मदद कर इंसानियत का फर्ज निभाना चाहिए। इस मौके पर परिवहन कर अधिकारी हरीश सती, जीएटी के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, हरीश बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार में चालक व परिचालकों को प्रशिक्षण देते स्वास्थ्य कर्मी।

# सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप

**कोटद्वार** : सत्तीचौड़ वासियों ने भू-माफियाओं पर सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है। कहा कि पूर्व में शिकायत के बाद भी प्रशासन समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

सत्तीचौड़ निकट शिव मंदिर के लोगों ने बताया कि उनके द्वारा बच्चों के खेलने के लिए सरकारी भूमि पर खेल मैदान बनाया गया है। लेकिन, वहां पर कुछ समय से भू-माफियाओं ने कब्जा कर दिया है। इससे क्षेत्र का माहौल खराब होने की संभावना बनी है। कहा कि प्रशासन को भू-माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर कुलदीप सिंह, सागर बिष्ट, प्रवेश रावत आदि मौजूद रहे।

# समिति ने उठाई मांग एनएच के प्रभावितों को एक समान मिले मुआवजा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : सनेह में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को विरोध कर रही एनएचआई विरोध संघर्ष समिति ने प्रभावितों को एक समान मुआवजा देने की मांग की है। कहा कि क्षेत्र में कई परिवारों को सरकार की ओर से पट्टे उपलब्ध हुए हैं। साथ ही कई परिवारों के पास भूमि की रजिस्ट्री भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मुआवजे को लेकर उनके मन में संशय बना हुआ है। कहा कि समिति के विरोध के बाद भी सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की जिद में अड़ी हुई है।

शुक्रवार को समिति के सदस्यों ने तहसील में पहुंचकर अपर जिलाधिकारी ईला गिरी को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा समिति के विरोध के बाद भी सरकार सनेह क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग करवा रही है। 12 फरवरी को भारत के राजपत्र में एनएच–119 कोटद्वार बाईपास रोड के लिए भूमि अर्जन की घोषणा की गई। साथ ही 15 दिन के भीतर सभी प्रभावितों को मुआवजा देने की बात कही गई है। कहा कि सरकार को उन परिवारों के लिए भी उचित मुआवजे की व्यवस्था करनी चाहिए, जिन्हें वर्षों पूर्व पट्टे आवंटित किए गए थे। यह अधिकांश परिवार गरीब, श्रमिक, किसान व अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के हैं। ऐसे में यदि इन परिवारों को उचित मुआवजा नहीं मिलता तो इसके समक्ष जीवन यापन करना भी मुश्किल हो जाएगा। ज्ञापन में कहा कि कई ऐसे परिवार भी है जिन्होंने वर्षो पूर्व स्टांप पर भूमि खरीदी थी। लेकिन, किन्हीं कारणों से वे अपनी भूमि की रजिस्ट्री नहीं करवा पाए। कहा कि ऐसे परिवारों को भी मुआवजा दिया जाना चाहिए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष आशीष रावत, सुनीता असवाल, अनिल रावत, हरीश नेगी, धीरज सिंह नेगी, सुशील बलूनी, उमेद सिंह रावत, प्रिंस रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में अपर जिलाधिकारी से मुलाकात करते समिति के सदस्य

### जी–20 सम्मेलन को जौलीग्रांट एयरपोर्ट में तैयारियां शुरू

ऋषिकेश। जी–20 सम्मेलन के लिए जौलीग्रांट एयरपोर्ट प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एयरपोर्ट परिसर पर पार्किंग और रंगाई पुताई को लेकर कार्य शुरू किया जा रहा है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के डायरेक्टर प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि भारत को जी 20 सम्मेलन की मेजबानी मिली है। जानकारी के अनुसार जी–20 के दौरान एक सम्मेलन ऋषिकेश में भी होना है। ऐसे में जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर ही सभी अतिथियों का आगमन होगा। जिसको लेकर एयरपोर्ट में तैयारियां शुरू कर दी गई है। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जा रही है। परिसर में बने टैक्सी यूनियन का कार्यालय और पोस्ट ऑफिस को नई टर्मिनल की तरफ आगे की ओर शिफ्ट करवाया जाएगा। इसके साथ ही एयरपोर्ट में रंगाई पुताई का कार्य भी शुरू किया जा रहा है। वहीं रानीपोखरी–ऋषिकेश मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू हो गया है। सड़क के दोनों ओर मिट्टी डालकर सड़क चौड़ी की जा रही है।

# व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दे पुलिस



पुलिस लाइन का निरीक्षण करती एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस बैरक, सीपीसी कैन्टीन, व्यायाम शाला, मनोरंजन कक्ष, जीडी दफ्तर, गणना कार्यालय, स्टोर, परिवहन शाखा, महिला हेल्पलाइन, यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। बैरक के आस–पास साफ–सफाई रखने ,आपदा उपकरणों को ठीक रखने के साथ ही यहां चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। एसएसपी ने पुराने सामन को नीलाम करने, आपदा उपकरणों को थानों आवंटन करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने आरआई को ड्यूटी रोस्टर तैयार कर इसी के अनुसार ड्यूटी लगाने को कहा। एसएसपी ने कहा कि वार्षिक फायरिंग में सभी अफसरों और जवानों को फायरिंग करवाई जाए। जीडी दफ्तर में अभिलेखों को अपडेट रखा जाए। पुलिस लाइन में नियमित परेड कराने व पुलिस कर्मियों के बीच क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल आदि खेल प्रतियोगिताएं कराने के साथ–साथ व्यायाम व योगा कराने को कहा गया। ताकि पुलिस कर्मियों का मानसिक और शारीरिक तनाव दूर हो और उनकी फिटनेस बेहतर रहे।

# मुंस्यारी को मिला बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन अवार्ड

देहरादून : अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव और आगामी चार धाम यात्रा देश में पर्यटन उद्योग के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए पर्यटन उद्योग को अपने क्षितिज तक पहुँचाएगी ", पर्यटन मंत्री उत्तराखंड सरकार सतपाल महाराज ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित पर्यटन शिखर सम्मेलन में प्रतिभाग करते हुए ये बातें कही। शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने उत्तराखंड में पर्यटन संबंधी अनेक गतिविधियों व योजनाओं के बारे में उपस्थित दर्शकों को अवगत कराया। इसके साथ ही टूरिज्म सर्वे अवार्ड में मुंस्यारी को बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन का अवार्ड मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पर्यटन के प्रति राज्य सरकार की दूरगामी सोच और उत्तराखंड को बेहतर राज्य बनाने में जुटे हर जन को समर्पित है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आगामी चार धाम यात्रा के लिए मंगलवार से प्रारंभ हुई पंजीकरण प्रक्रिया में अब तक लगभग 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पंजीकरण किए जा चुके हैं। इस बार चार तरह से पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। लोग ऑनलाइन, ऐप के द्वारा, ऑन कॉल और व्हाट्सएप के जरिए अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने कहा, "केवल तीन दिनों में इतना पंजीकरण होना अपने आप में ही विश्व रिकॉर्ड है तथा हम आशा करते हैं कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा अपने पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। प्रशासन ने चार धाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की उचित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं जैसे डॉक्टरों और चिकित्सीय पेशेवरों की तैनाती, पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक वस्तुओं और दवाओं का भंडारण आदि, साथ ही यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम में चल रहे परियोजना कार्य की पूर्ति यात्रा प्रारंभ से पूर्व हो जाएगी"। उन्होने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड आने वाले यात्रियों के लिए शैव, शाक्त, वैष्णव, नवग्रह, गोल्जू, नरसिंह, गुरुद्वारा, हनुमान, नाग देवता, स्वामी विवेकानंद आदि धार्मिक सर्किटों का भी निर्माण किया है। श्रद्धालु इन धार्मिक स्थानों पर जाकर पूजा पाठ कर प्रश्नों का लाभ उठा सकते हैं। महाराज ने बताया कि आगामी योग महोत्सव के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में 1 से 7 मार्च, 2023 तक योग और आध्यात्मिकता की अंतरराष्ट्रीय राजधानी ऋषिकेश में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव (का) 2023 का आयोजन किया जा रहा है। योग महोत्सव में देश के प्रसिद्ध योग संस्थानों जैसे ईशा फाउंडेशन, आर्ट ऑफ़ लिविंग, कृष्णामाचारी योग मंदिरम, कैवल्यधाम, शिवानंद आश्रम आदि के योगाचार्य भाग लेंगे। इसमें देश विदेश से लोग हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने आगे कहा, "योग महोत्सव में अधिक से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन हो इसे सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन विभाग ने टूर ऑपरेटर्स के लिए प्रोत्साहन योजना भी शुरू की हैकहाल ही में हमने गुजरात के चार शहरों में पर्यटन से संबंधित रोडशो आयोजित किये जिन्हें भारी सफलता मिली। इसके परिणाम स्वरूप गुजरात से बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके अतिरिक्त रोडशो के दौरान हुई इ2इ मीटिंग के जरिए पर्यटन संबंधी कारोबार में भी भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। आगे भी हम अलग अलग राज्यों में रोडशो की योजना बना रहे हैं"। कल अनुबंधित हुए खरसाली से यमुनोत्री रोपवे परियोजना के बारे में बताते हुए श्री महाराज ने कहा कि आने वाले समय में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए यमुनोत्री पहुंचना आसान हो जाएगा। खरसाली से यमुनोत्री धाम तक का यह रोपवे माँ यमुना के ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन धामों को एक साथ जोड़ने व उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं में एक और नये अध्याय का काम करेगा। इस रोपवे परियोजना के माध्यम से श्रद्धालुओं के अलावा आम पर्यटक को भी राज्य के अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से देख आनंद का अनुभव कर पाएँगे। इस रोपवे परियोजना के पूरे होने से श्रद्धालुओं को सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही साथ रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। नई दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित पर्यटन शिखर सम्मेलन और पुरस्कार समारोह में केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल व प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के अलावा हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान, पर्यटन सचिव अरविंद सिंह, चैयरमैन आरटीडीसी धर्मेंद्र राठौड़ व राज चेंगप्पा आदि मौजूद थे।




नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सतपाल महाराज व अन्य

# गोट वैली योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया



बागेश्वर। पशुपालन विभाग ने गोट वैली योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। चयनित 100 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया। कपकोट को गोल वैली योजना से जोड़ा गया है। पशुपालक बकरी पालकर आजीविका को बेहतर कर सकेंगे। विकास खंड कपकोट पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों के लिए योजनाएं लाई है।

गोट वैली के रूप में पशुपालकों को लाभ मिल रहा है। प्रशिक्षण में मार्गदर्शन, क्षमता विकास आदि को वह मन लगाकर सीखेंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रवींद्र चंद्रा ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशुपालक बकरी पालकर अपनी आजीविका बेहतर करेंगे। उन्हें पशुपालन विभाग हरसंभव मदद करेगा। बकरियों की प्रमुख नस्ल, बीमारी का उपचार, आवास की व्यवस्था आदि की भी जानकारी दी। इस दौरान डॉ. विजय कुमारडॉ. विनीता,डॉ. सुनीता, डा. कमल पंत, डा. गौरव, धाम सिंह आदि थे।

## अधिकारी को निलंबित करने की मांग

हल्द्वानी। स्कूली बच्चों को एबीवीपी के सम्मेलन में भेजने का आदेश देने वाले अधिकारी को निलंबित करने की मांग की गई है। भाकपा (माले) के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग और राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया है। इसलिए पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। एक अधिकारी का किसी संगठन के लिए भीड़ जमा करने का काम करना संदिग्ध है। पद पर रहते हुए खास विचारधारा के लिए काम करने की जांच की जाए। मांग की गई कि जांच पूरी होते तक अधिकारी को निलंबित किया जाए।

# ईट राइट इंडिया जागरूकता रैली निकाली




हल्द्वानी। ईट राइट इंडिया अभियान के तहत शुक्रवार को जीआईसी कठघरिया में जागरूकता रैली समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रैली के दौरान छात्र–छात्राओं ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ खानपान के फायदे गिनाए। प्रधानाचार्य आरसी तिवारी ने सुरक्षित और पौष्टिक भोजन करने व खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। एनएसएस के जिला समन्वयक ललित मोहन पांडे ने छात्रों को अभियान की जानकारी दी। यहां नवीन कांडपाल, जमुना प्रसाद गंगवार, देवीदत्त चौदसी, कौस्तुभानंद पंत, पी उम्रा कुमार, मनोज भट्ट, जोगा गिरी गोस्वामी, शशांक जोशी, संदीप पांडे, अनिल जोशी, देवकी कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# खटीमा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली



रुद्रपुर। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून लागू होने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आभार रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समर्थन में नारेबाजी कर खुशी जताई। शुक्रवार को वक्ताओं ने कहा कि सीएम धामी के प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है। जिससे युवाओं और बेरोजगारों में खासा उत्साह है।

उन्होंने कहा कि कानून लागू होने से अब प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाएं पारदर्शी और नकल विहीन हो सकेगी। इससे पहले भाजयुमो के पूर्व जिला मंत्री सिद्धांत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राणा प्रताप इंटर कॉलेज से रैली निकाली। जो नगर के विभिन्न हिस्सों में गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश एक ऐसा राज्य बना है। जिसने भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाले 60 लोगों को जेल भेजा। कहा कि नकल विरोधी कानून लागू होने से अब परीक्षाओं में गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। यह कानून लागू कर सीएम धामी ने युवाओं और बेरोजगारों का दिल जीता है।

यहां नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, टीवीएस अध्यक्ष गोपाल बोरा, मनोज बाधवा, राम पांडे, अमित पांडे, रोबिन चंद, हिमांशु अग्रवाल, गौरव नेगी, प्रमोद गड़कोटी, सूरज जोशी रहे।

## शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

अल्मोड़ा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बनोलिया में जारी है।

शिविरार्थियों ने गांव में सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं। एनएसएस शिविरार्थियों ने शुक्रवार को मल्ला बनोलिया में सफाई और जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को साफ–सफाई के लिए प्रेरित किया। साथ ही गांव की महिलाओं और पुरुषों से बेटा–बेटी के साथ समानता का व्यवहार करने की भी अपील की।

# आप ने की पेपर लीक प्रकरणों की सीबीआई जांच की मांग



अल्मोड़ा। आम आदमी पार्टी की यूथ विंग कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक प्रकरणों की सीबीआई जांच की मांग की है। मामले में यूथ विंग कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा कि राज्य में लगातार पेपर लीक प्रकरण के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे मेहनती युवा खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। पेपर लीक प्रकरण के चलते युवाओं में हताशा है। लेकिन राज्य सरकार सीबीआई जांच कराने से पीछे हट रही है। यहां यूथ विंग जिलाध्यक्ष दानिश कुरैशी, दीपक भट्ट, राहुल भट्ट, भागवत आर्य, सूरज आर्य, रवि बिष्ट, नीरज आर्य आदि रहे।

# जिला स्थापना दिवस पर डीएम ने किया पौधरोपण



पिथौरागढ़। जिला स्थापना दिवस पर डीएम रीना जोशी ने स्कूली बच्चों के साथ पौधरोपण किया। शुक्रवार को नगर के भाटकोट स्थित आफीसर्स कॉलोनी में पौधरोपण अभियान चलाया गया।

इस दौरान डीएम जोशी सहित ग्रीन वैली व सिटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। उन्होंने छात्र–छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों की उपयोगिता भी बताई। यहां उमा चिलकोटी, हंसा जोशी, ललित मोहन कापड़ी, प्रभारी ईओ एनबी पांडे, वनक्षेत्राधिकारी दिनेश जोशी, उद्यान विभाग के कुंडल गिरी, रमेश चंद्र जोशी, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित मांस का धंधा करने वाले दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। गदरपुर। पुलिस ने प्रतिबंधित मांस का धंधा करने वाले दो लोगों को पकड़ा है। उनके पास से मांस के टुकड़े व औजार बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गुरुवार को सूचना मिली कि कुछ लोग प्रतिबंधित मांस का अवैध धंधा कर रहे हैं।

इस पर गदरपुर पुलिस और पशु चिकित्साधिकारी रवि शंकर झा की संयुक्त टीम ने वार्ड नंबर सात में हनीफ और शरीफ पुत्रगण अब्दुल लतीफ के घर छापेमार कार्रवाई की। दोनों के पास से प्रतिबंधित मांस के टुकडे समेत औजार बरामद हुए।

# बजरंग दल ने की यूट्यूबर स्मृति नेगी पर कार्रवाई की मांग

रुद्रपुर। बीते दिनों नैनीताल में यूट्यूबर स्मृति नेगी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भगवान श्रीराम के नाम पर आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड किया था। जिससे विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता भड़क गए हैं। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी मनोज कत्याल को तहरीर दी। उन्होंने कहा नैनीताल में 15 फरवरी को यूट्यूबर स्मृति ने अपने यूट्यूब चैनल में भगवान श्री राम के नाम को लेकर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किया था। जिसमें सनातन और शौर्य के प्रतीक भगवा ध्वज को आतंकवाद से जोड़कर भगवा आतंकवाद शब्दों का प्रयोग किया है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने यूट्यूबर स्मृति को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। कहा अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

यहां विहिप धर्म प्रसार प्रमुख कुंवर विष्पेंद्र सिंह, वीरेंद्र यादव, जोगेंद्र सिंह चौहान, हैप्पी चौहान,डॉ. मणि शंकर, मनीष रघुवंशी, सुधाकर, द्विवेदी रहे।

## अवैध भंडारण की शिकायत पर तहसीलदार ने मारा छापा

रुद्रपुर। उकरौली खनन क्षेत्र में अवैध भंडारण की शिकायत पर तहसीलदार ने छापेमार कार्रवाई की, पर अवैध भंडारण नहीं मिला। तहसीलदार ने निजी खनन पट्टों का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार को तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी राजस्व कर्मियों के साथ उकरौली गांव पहुंचे। तहसीलदार ने बताया कि गांव के खनन क्षेत्र में तीन जगहों पर अवैध भंडारण की शिकायत मिली। इस पर उन्होंने बताए स्थानों पर छापा मारा, लेकिन एक भी जगह अवैध भंडारण नहीं मिला।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम सिंह धौनी की जयंती



अल्मोड़ा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम सिंह धौनी की 130वां जयंती समारोह अल्मोड़ा जिला पंचायत धारानौला में हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने उनकी मूर्ति में माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सालम समिति अल्मोड़ा की ओर से आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी ने धौनी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने धौनी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड में भी हिमाचल की तर्ज पर सशक्त भू–कानून बनना चाहिए। बाद में समिति ने लेप्रोसी मिशन कर्बला में कुष्ठ रोगियों को खाद्यान्न वितरण किया। इस मौके पर सालम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल सिंह मेहरा लोकमणी भट्ट, सचिव अमरनाथ सिंह रजवार, कोषाध्यक्ष बिपिन जोशी, विनोद जोशी, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन मनोज सनवाल, डे केयर अध्यक्ष हेम जोशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष पितांबर पांडे, शंकर चिलवाल, प्रकाश सिंह बिष्ट, राजू पांडे, प्रदीप बिष्ट, पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जेसी दुर्गापाल, आरएस बिष्ट समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## रानीखेत की वरिष्ठ भाजपा नेत्री बनी बागेश्वर जिला प्रभारी

अल्मोड़ा। भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से राज्य के सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश प्रभारी कुलदीप कुमार की सहमति पर अध्यक्ष आशा नौटियाल ने रानीखेत की वरिष्ठ नेत्री विमला रावत को बागेश्वर का प्रभारी नियुक्त किया है। अब तक वह प्रदेश मीडिया सह प्रभारी के साथ चंपावत जनपद का प्रभार संभाल रही थीं। जिला पंचायत सदस्य रही विमला रावत इससे पूर्व अल्मोड़ा भाजपा की जिला मंत्री, महिला मोर्चा की रानीखेत जिलाध्यक्ष अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य और 2022 में सल्ट विधानसभा उपचुनाव प्रभारी आदि दायित्व निभा चुकी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीप भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन सिंह मेहरा, कैंट बोर्ड के नामित सदस्य मोहन नेगी, पूर्व जिला महामंत्री प्रेम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विमल भट्ट, मंत्री दीप्ति बिष्ट, नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, विनोद भार्गव, चंपा भगत, अनु सोनकर, मीना वर्मा, उमेश अग्रवाल आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# पुलों की वित्तीय, भौतिक प्रगति प्रस्तुत करें नोडल अधिकारी

बागेश्वर। डीएम अनुराधा पाल ने पीएमजीएसवाई को सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। तांकि जनता को सड़कों का समय से लाभ मिल सके।

नोडल अधिकारी सभी सड़कों, पुलों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति सूचनाओं का संकलन जीपीएस फोटो, गूगल अर्थ लोकेशन के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

शुक्रवार को जिला कार्यालय में समीक्षा करते हुए डीएम ने पीएमजीएसवाई के सभी खंडों के साथ ही वैपकास के अधिकारियों को कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। कहा कि सडक की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सड़क एवं पुल कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच भी कराई जाएगी। कार्यों में प्रगति लाने का यही सही समय है। अभियंता अपने–अपने कार्यदायी संस्थाओं को मशीनों और श्रमिकों को बढाएं। अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता क्षेत्र में जाकर कार्यों का मौके मुआयना करें। जिले में 51 कार्य प्रगति पर हैं। जिसमें 17 सड़क कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 16 सड़क कार्य मार्च में, जबकि छह कार्य जून में पूरे होंगे। स्टेज थर्ड के नौ कार्य यूआरआरडीए स्तर पर हैं।

कपकोट पिंडारी ग्लेशियर मोटर मार्ग पर किमी 11 से काफलीकमेड़ा मोटर मार्ग के किमी सात में 24 मीटर स्पान पुल, बड़ेत मोटर मार्ग के किमी आठ में 24 मीटर स्पान पुल का अनुबंध निरस्त करने को पत्र लिखा है। खड़लेख–भनार मोटर मार्ग के किमी एक से नैकाना बसौरा मोटर मार्ग का निविदा आमंत्रण विवाद के कारण न्यायालय में लंबित है। यहां अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाइ विजय कृष्ण, कपकोट केएस लसपाल, सहायक अभियंता नरेश चंद्र, विशन लाल आदि थे।

## शिशुओं को सांस देने की दी जानकारी

बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय कार्यशाला जारी है। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में नवजात शिशु देखभाल यूनिट (एनआईसीयू) की जानकारी दी जा रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता निखुर्पा नवजात शिशुओं की देखरेख, संक्रमण के बचाव आदि के बारे में बताया। प्रशिक्षण के माध्यम से शिशुओं के सांस लेने में मदद के लिए मेडिकल स्टाफ को हाथ से दी जाने वाले तरीके बारे में बताया।

# युवती की मौत के मामले में सहेली समेत तीन पर मुकदमा

रुद्रपुर। पुलिस ने बन्नाखेड़ा निवासी प्रकाश कौर की मौत के मामले में सहेली समेत तीन लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

प्रकाश कौर का शव 20 फरवरी को बघौरी के पास एक पेड़ पर लटका मिला था। ग्राम बन्नाखेड़ा, बाजपुर निवासी हरवंश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 22 वर्षीय पुत्री प्रकाश कौर को उसकी सहेली सुमन कौर निवासी ग्राम पिंडारी ने फोन करके अपने घर सितारगंज बुलाया था। इसके बाद 19 फरवरी को उसकी पुत्री अपने शैक्षिक दस्तावेज लेकर घर से निकली। 20 फरवरी की सुबह जब उसकी पुत्री घर नहीं लौटी तो परिजनों ने प्रकाश कौर और सुमन कौर को फोन किया, लेकिन दोनों का फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद वह अपने पुत्र संदीप सिंह और भाई भजन सिंह के साथ प्रकाश कौर को खोजने सितारगंज में सुमन के पास पहुंचे।

सुमन ने बताया कि प्रकाश कौर को 19 फरवरी की शाम वारिस मोटर्स के स्वामी मुजाहिद निवासी बघौरी के यहां छोड़कर आ गई थी। पूछताछ करने पर मुजाहिद के साथी अरमान ने बताया कि उसने प्रकाश कौर को मुजाहिद के गैरेज में देखा था। मुजाहिद दुकान से गायब था। उसकी पुत्री के दस्तावेज व मोबाइल उसकी दुकान में थे। हरवंश के अनुसार, कोतवाली में गुमशुदगी की जानकारी देने गया तो बघौरी में स्कूल के पीछे एक पेड़ पर प्रकाश कौर का शव लटके होने की जानकारी मिली। हरवंश ने पुत्री की हत्या की आशंका जताते हुए सुमन कौर, मुजाहिद और अरमान को नामजद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 304 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## हर थाने में महिला हेल्प डेस्क को सीयूजी मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए

अल्मोड़ा। महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से गौरा शक्ति योजना के तहत प्रत्येक थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के लिए मोबाइल फोन और सिम उपलब्ध कराए दिए गए है। अब थाने के महिला डेस्क के नंबरों पर शिकायत और समस्या बताई जा सकती है। ये नंबर 24 घंटे खुले रहेंगे। एसएसपी अल्मोड़ा ने थाना प्रभारियों को महिला हेल्प डेस्क को उपलब्ध कराये गये मोबाइल नंबरों की जानकारी अपने–अपने थाने क्षेत्र के लोगों को देने की अपील की। एसएसपी ने कहा कि यह नंबर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। मोबाइल नंबरों का संचालन थानों में महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला पुलिस कार्मिक करेंगे।

# भाजपा किसान मोर्चा सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



अल्मोड़ा। रानीखेत जिला किसान मोर्चा का जिला स्तरीय सम्मेलन चौखुटिया लोनिवि विश्राम गृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह पटवाल ने किया। सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए किसान सम्मान निधि में आ रही परेशानियों को दूर करने सहित संगठन के क्रिया कलापों की जानकारी देते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही किसानों का उत्पादन कैसे बढ़े, उत्पादन व मार्केटिंग की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की बात वक्ताओं ने कही। यहां जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह संगेला, मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह रौतेला, बग्वालीपोखर मंडल के अध्यक्ष महेश कैड़ा, सल्ट मंडल के किसान मोर्चा के अध्यक्ष वीरेंद्र विक्रम, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह संगेला, पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश पांडे, मंडल उपाध्यक्ष राम सिंह रौथाण, नारायण दत्त उप्रेती, तारा सिंह नेगी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह कोटवाल, दीपू खत्याड़ी, किसान मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप आर्या मौजूद रहे।

संचालन पूर्व मंडल महामंत्री मोहन मेहरा ने किया।

# दल ने किया शांतिकुंज का भ्रमण




जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहीद लांसनायक धनवीर सिंह राणा राजकीय कन्या इंटर कालेज कलालघाटी के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान हरिद्वार स्थित शांतिकुंज का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हरिद्वार व शांतिकुंज के इतिहास के बारे में भी जाना। प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने दल की बस को हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। शांतिकुंज परिसर का मनमोहक दृश्य देख विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने शांतिकुंज में पर्यावरणीय अध्ययन के साथ–साथ सांस्कृतिक जागृति प्रदान करने वाले संस्थान का भी भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की औषधीय पादप ,योग और अध्यात्म स्थल के बारे में जाना। भ्रमण दल में उषा रावत, किरण जागरवाल, ऋतु थपलियाल, सावित्री रावत, अर्चना कंडवाल, सुचिता बिष्ट नेगी आदि मौजूद रहे।

### नई टिहरी में आज से तीन दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

नई टिहरी। टिहरी जिले में पहली बार तीन दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, प्रतियोगिता बौराड़ी स्टेडियम में शनिवार (आज) से शुरू होगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के 118 महिला और पुरुष खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहें हैं। जिला खेल अधिकारी संजीव कुमार पौरी ने बताया खेल निदेशालय और उत्तराखंड बॉक्सिंग ऐसोसिएशन के समंवय से नई टिहरी के बौराड़ी स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता शनिवार से शुरू होगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के 13 जिलों से 118 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, प्रतियोगिता में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं,



## राजीव अध्यक्ष और राकेश सचिव बने

नई टिहरी। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। जिसमें वर्चुअल संबोधन संगठन के प्रदेश महामंत्री पंचम सिंह विष्ट ने किया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग भगत सिंह राणा और सहायक खंड विकास अधिकारी डीपी चमोली की देख–रेख में संगठन की जनपदीय कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न करवाया गया। निर्विरोध रूप से जिलाध्यक्ष राजीव नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक धमांदा, उपाध्यक्ष राजेश नौटियाल, सचिव राकेश भट्ट, कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह नेगी, संगठन सचिव उत्तम सिंह नेगी व मोहित को चुना गया गया।

# एसएसपी भुल्लर ने दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास करवाया

रुद्रप्रयाग। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने थाना लम्बगांव का वार्षिक निरीक्षण कर थाने के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने स्वयं पुलिस कर्मियों को शस्त्रों की हैण्डलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास करवाया।

थानाध्यक्ष को शिकायतों का निस्तारण समय पर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने सभी पुलिस कर्मियों से शस्त्रों की जानकारी के साथ–साथ हैण्डलिंग (खोलना–जोड़ना) का अभ्यास कराया। साप्ताहिक रूप से शस्त्रों की साफ सफाई और हैंडलिंग को निर्देशित किया। आपदा उपकरणों की जानकारी लेते हुए पुलिस बल से दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास भी कराया। थाना, आवास परिसर, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मालखाना, भोजनालय एवं कर्मचारी बैरिक का निरीक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

थाने के समस्त अभिलेखों का निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां चैक की। कार्यालय स्टॉफ को अभिलेखों को अध्यावधिक रखने एवं रखरखाव सही ढंग से रखने को कहा। सीसीटीएनएस कार्यों को चैक करते हुए नियुक्त कार्मिकों से ऑनलाइन जीडी, एफआईआर सहित समस्त आईआईएफ फार्मों की जानकारी लेकर सभी आईआईएफ फार्मों को समय से फीड करने व सीसीटीएनएस के अन्तर्गत संचालित सभी पोर्टलों को निरन्तर चैक करते हुए ससमय कार्यवाही करने को कहा।

एसएसपी ने महिला हेल्प डेस्क व डायल 112 की सूचनाओं से सम्बन्धित रजिस्टरों का अवलोकन किया गया । थाने के लम्बित मालों की वर्षवार समीक्षा कर न्यायालय से निस्तारित हो चुके मामले जिनमें अपील अवधि समाप्त हो चुकी है, के शीघ्र निस्तारण को थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। थाना परिसर में खड़े मुकदमाती वाहनों के निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ टिहरी सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी भी मौजूद रहे।

### पटियालधार नर्सिंग कालेज में फैकल्टी के 13 पद खाली

चमोली। गोपेश्वर के नर्सिंग कालेज पटियालधार नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी के 13 पद खाली चल रह हैं। यहां सिर्फ चार की ही तैनाती की गई है। इनमें भी दो पदों पर हाल में ही तैनाती हुई है। बीएससी नर्सिंग का कोर्स यहां संचालित किया जा रहा है। लेकिन यहां अभी तक पूरी फैकल्टी तक तैनात नहीं की गई है।

कॉलेज के लिए कुल 17 पद स्वीकृत हैं, इनमें चार पदों पर ही तैनाती हो पाई है। इससे पहले नर्सिंग कॉलेज में प्राचार्य समेत दो पदों पर ही फैकल्टी तैनात थी। बिना पूरी फैकल्टी के भी गोपेश्वर नर्सिंग कालेज का परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर सरकारी और गैर सरकारी नर्सिंग कालेजों में उल्लेखनीय रहता है। स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक यहां की छात्राओं ने अर्जित किए हैं।

# धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव



नई टिहरी। चंबा ब्लॉक में राजकीय जूनियर हाईस्कूल दिवाड़ा ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिये शिक्षा से जुड़ी कई योजनाऐं संचालित कर रही है। विशिष्ट अतिथि नपं गजा की अध्यक्ष मीना खाती ने कहा कि बेहत्तर शिक्षा के साथ साथ छात्रों का शाररिक और बौद्धिक विकास भी जरूरी है। चंबा की ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट ने कहा विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने गढ़वाली गीत बेडू पाको बारमासा, मठू मठू हिटी, धरती हमारा गढ़वाल की कथगा रौंतेय्ली स्वाणी छ,सहित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाट्क पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रधानाचार्य देवराज भट्ट ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न और अभिनंदन पत्र सौंपा। मौके पर दिवाड़ा ग्राम प्रधान पूनम नेगी, डीपी उनियाल,मंगत नेगी, एसडी आर्य, केडी पठोई, मुकेश डोभाल, नंदलाल डबराल, अनिल बधानी सहित कई लोग मौजूद थे।

## 11 मार्च को होगा ओपन वर्ग में ट्रायल

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिला क्रिकेट एसोसियेशन क्रिकेट सत्र 2023–24 का शुभारंभ ओपन वर्ग की ट्रायल कम लीग प्रतियोगिता के साथ करेगी। एसोसियेशन के अध्यक्ष कमलेश जमलोकी एवं सचिव अरूण तिवारी ने बताया कि एसोसियेशन की बैठक में इस बार भी जनपद स्तरीय टीम के चयन हेतु ट्रायल कम लीग के आधार पर किए जाने पर सहमति बनी। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि 11 मार्च को ओपन वर्ग में ट्रायल का आयोजन किया जायेगा। ट्रायल के आधार पर अधिक से अधिक 8 टीम तथा कम से कम चार टीम का गठन किया जायेगा। जिनके बीच 40 ओवर के मैच खिलाये जायेंगे। प्रत्येक टीम को कम से कम तीन मैच खिलाये जायेंगे। उक्त ट्रायल में अण्डर 16/अण्डर 19/अण्डर 25 आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। लीग प्रतियोगिता 15 मार्च से खेल मैदान अगस्त्यमुनि में आयोजित की जायेगी।

### कार्तिक स्वामी मंदिर में मोर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

रुद्रप्रयाग। क्रौंच पर्वत में स्थित भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर के ठीक सामने पूजा–अर्चना के साथ ही भगवान के वाहन मयूरमोर को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हो गया। शनिवार को पूजा–अर्चना और हवन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शुक्रवार को भगवान कार्तिकेय के वाहन मोर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आचार्य वासुदेवनंद थपलियाल, सुधीर नौटियाल आदि द्वारा सनातन परम्परा के अनुसार शुरू किया गया। सुबह पूजा–अर्चना की गई। जबकि शनिवार को इसका समापन किया जाएगा।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने फर्म्स का नाम "SHRI BADRISH CONSTRUCTION" R/O Vill Uli Chaubatta, P.O- Thandhar, Patti- Bidolsyun, Tahsil-Pauri, Distt- Pauri Garhwal रखा है यदि किसी को भी फर्म्स के नाम और पते पर आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 10 दिन के अंदर उप निबंधक फर्म सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय पौड़ी में आपत्ति दर्ज करें।

कमल किशोर



## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2023 की संख्या में वृद्धि

आज़ादी का अमृत महोत्सव

होली पर्व के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जायेंगी :

**04141/04142 सूबेदारगंज – उधमपुर – सूबेदारगंज सुपरफास्ट एक्स. विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 70 फेरे**

| गाड़ी सं. 04141 आगमन | गाड़ी सं. 04141 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04142 आगमन | गाड़ी सं. 04142 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:05 | सूबेदारगंज | 12:55 | --- |
| 12:40 | --- | उधमपुर | --- | 15:40 |

**चलने के दिन :** 04141 सूबेदारगंज से दिनांक **03.03.2023** से **30.06.2023** तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को तथा 04142 उधमपुर से दिनांक **04.03.2023** से **01.07.2023** तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूंडला जं., अलीगढ़ जं., खुर्जा जं., बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ सिटी, मुज़फ़्फ़रनगर, सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

**03255/03256 पटना जं. – आनंद विहार (ट) – पटना जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 10 फेरे**

| गाड़ी सं. 03255 आगमन | गाड़ी सं. 03255 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03256 आगमन | गाड़ी सं. 03256 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:20 | पटना जं. | 17:20 | --- |
| 15:00 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 23:30 |

**चलने के दिन :** 03255 पटना जं. से दिनांक **09.03.2023** से **23.03.2023** तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को तथा 03256 आनंद विहार (ट) से दिनांक **10.03.2023** से **24.03.2023** तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** दानापुर, आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**02250/02249 आनंद विहार (ट) – पटना जं. – आनंद विहार (ट) गति शक्ति सुपरफास्ट वाता. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| गाड़ी सं. 02250 आगमन | गाड़ी सं. 02250 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 02249 आगमन | गाड़ी सं. 02249 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:15 | आनंद विहार (ट) | 11:45 | --- |
| 16:40 | --- | पटना जं. | --- | 18:45 |

**चलने के दिन :** 02250 आनंद विहार (ट) से दिनांक **04.03.2023** तथा 02249 पटना जं. से दिनांक **05.03.2023** को।
**स्थान :** 3 टियर वाता.
**ठहराव :** कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**09417/09418 अहमदाबाद – पटना जं. – अहमदाबाद विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर (साप्ताहिक) — 2 फेरे**

| गाड़ी सं. 09417 आगमन | गाड़ी सं. 09417 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09418 आगमन | गाड़ी सं. 09418 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 09:10 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | --- |
| 09:10 | 09:20 | लखनऊ | 11:50 | 12:00 |
| 16:30 | 16:40 | वाराणसी | 04:20 | 04:35 |
| 21:05 | --- | पटना जं. | --- | 23:45 |

**चलने के दिन :** 09417 अहमदाबाद जं. से दिनांक **06.03.2023** तथा 09418 पटना जं. से दिनांक **07.03.2023** को।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** नडियाद जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., मथुरा जं., कासगंज, फ़र्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर जं., जौनपुर सिटी, वाराणसी, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**08183/08184 सांतरागाछी जं. – बलरामपुर – सांतरागाछी जं. विशेष रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| गाड़ी सं. 08183 आगमन | गाड़ी सं. 08183 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08184 आगमन | गाड़ी सं. 08184 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:30 | सांतरागाछी जं. | 10:05 | --- |
| 11:30 | 11:55 | वाराणसी | 18:15 | 18:40 |
| 22:00 | --- | बलरामपुर | --- | 08:45 |

**चलने के दिन :** 08183 सांतरागाछी जं. से दिनांक **06.03.2023** तथा 08184 बलरामपुर से दिनांक **08.03.2023** को।
**स्थान :** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
**ठहराव :** खड़गपुर जं., टाटानगर जं., पुरूलिया जं., भोजूडीह जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो, कोडरमा जं., गया जं., सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., आनंद नगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी एवं तुलसीपुर स्टेशन।

**08028/08027 राँची – बलरामपुर – राँची विशेष रेलगाड़ी — 2 फेरे**

| गाड़ी सं. 08028 आगमन | गाड़ी सं. 08028 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08027 आगमन | गाड़ी सं. 08027 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:55 | राँची | 05:00 | --- |
| 11:30 | 11:55 | वाराणसी | 18:15 | 18:40 |
| 22:00 | --- | बलरामपुर | --- | 08:45 |

**चलने के दिन :** 08028 राँची से दिनांक **05.03.2023** तथा 08027 बलरामपुर से दिनांक **07.03.2023** को।
**स्थान :** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो, कोडरमा जं., गया जं., सासाराम, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., आनंद नगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी एवं तुलसीपुर स्टेशन।

**05005/05006 गोरखपुर जं. – अमृतसर – गोरखपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 6 फेरे**

| गाड़ी सं. 05005 आगमन | गाड़ी सं. 05005 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 05006 आगमन | गाड़ी सं. 05006 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:40 | गोरखपुर जं. | 08:50 | --- |
| 09:30 | --- | अमृतसर | --- | 12:45 |

**चलने के दिन :** 05005 गोरखपुर जं. से दिनांक **03.03.2023** से **17.03.2023** तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा 05006 अमृतसर से दिनांक **04.03.2023** से **18.03.2023** तक प्रत्येक शनिवार को।
**स्थान :** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर–जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।

**09525/09526 ओखा – नाहरलगुन – ओखा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 2 फेरे**

| गाड़ी सं. 09525 आगमन | गाड़ी सं. 09525 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09526 आगमन | गाड़ी सं. 09526 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:00 | ओखा | 03:35 | --- |
| 11:10 | 11:20 | वाराणसी | 14:10 | 14:15 |
| 16:00 | --- | नाहरलगुन | --- | 10:00 |

**चलने के दिन :** 09525 ओखा से दिनांक **07.03.2023** तथा 09526 नाहरलगुन से दिनांक **11.03.2023** को।
**स्थान :** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव :** द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट, वांकानेर जं., सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड, रंगिया, उदालगुड़ी, न्यू मिसामारी, रंगापाड़ा नार्थ एवं हारमती स्टेशन।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
617/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो ) दिनांक 15.03.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 14.03.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं । धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं । निविदा संख्या 32/22-23-वि.वि. उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के बिजनी बडी अनुभाग में जमा मद के अन्तर्गत विद्युतीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 20000.00

पत्रांक: 521/विविखको/टी-6 दिनांक: 24.02.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)



## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित निविदा सं0 12/22–23 से निविदा सं0 14/22–23 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 03.03.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 04.03.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा
पत्रांक : 130/विविखनै/टी–6 दिनांक : 24.02.2023

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें "राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346-252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**निविदा विस्तारीकरण सूचना** दिनांक: 24.02.2023

एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या–27/2022–23 जिसकी ऑनलाइन निविदा निविदा प्रपत्र ऑफलाइन जमा करने की तिथि 24.02.2023 एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा खुलने की तिथि 25.02.2023 थी, को किन्ही अपरिहार्य कारणों से विस्तारित करते हुए निविदा प्रपत्र ऑफलाइन जमा करने की तिथि 03.03.2023 एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन निविदा खुलने की तिथि 04.03.2023 की जाती है। अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।

पत्रांक: 354/वि0वि0म0श्री0/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचावें (टोल फ्री न0 :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135-2760911 एवं मोबाइल +91-8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।



## कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली गढ़वाल

पत्रांक 1398 / कृ0ए0भू0सं0अ0 / कोटेशन पत्रांक/ भण्डार /2022-23/ दिनांक 24/02/2023

### अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इकाई कार्य क्षेत्रान्तगर्त विकासखण्ड जयहरीखाल में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना एवं जिला योजना (बजट की प्रत्याक्षा में) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों के लिए कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई सतपुली में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द कोटेशन आमत्रित की जाती है। कोटेशन प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 24.02.2023 से 01.03.2023 तक प्रातः 10.00 से सायं 3.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस को नकद निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। कोटेशन प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 01.03.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली पौड़ी गढ़वाल कार्यालय में रखे कोटेशन बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा किये जायेगे। पृथक-पृथक परियोजनाओं की सीलबन्द कोटेशनों में कोटेशन प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में स्वीकार किये जायेगें, जो उसी दिन दिनांक 01.03.2023 अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित कोटेशन दाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कोटेशन हेतु गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। कोटेशन प्रपत्र के प्रथम भाग तकनीकी प्रपत्र में कोटेशन के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक में एफ0डी0आर0 के रूप में जो कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली, के नाम से बन्धक हो एवं आगामी एक वर्ष तक वैद्य होनी चाहिये। बिना धरोहर धनराशि के कोटेशन प्रपत्र के द्वितीय भाग वित्तीय प्रपत्र को खोला नहीं जायेगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ति की अवधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना | एकेश्वर | नन्दोली मोल्टी | चैकडैम | 2500.00 | 500+18% | एक माह | डी0/ई0 |
| 2 | जिला योजना | जयहरीखाल | भिगलासी | तारबाड | 2500.00 | 500+18% | एक माह | डी0/ई0 |

सशर्त निविदा जयहरीखाल मान्य नहीं होगी। परियोजना स्थल एवं आगणन शर्त/नियम आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। किसी भी लिपिकीय/छपाई त्रुटि के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं है।

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी
सतपुली गढ़वाल

## सम्पादकीय

### दाखिले की न्यूनतम उम्र निर्धारित

केंद्र सरकार ने स्कूली शिक्षा में कई परिवर्तन करने की दिशा में नीतियां बनाई है जिसके तहत एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है जिसके तहत पहली कक्षा में दाखिले की न्यूनतम उम्र 6 वर्ष निर्धारित की गई है। शिक्षा में एकरूपता के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है ताकि दसवीं तक पहुंचने तक छात्रों के उम्र का अनुपात संतुलन में बना रहे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जो ढांचा तैयार किया गया है उसके अनुरूप कि आने वाले समय में छात्र बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो पाएंगे अन्यथा उन्हें उम्र कम होने की दशा में 1 वर्ष प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो बिंदु बनाए गए हैं उसके तहत बच्चों को 3 साल की उम्र से स्कूलों से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कदम है और इसी को दौड़ देखते हुए केंद्रीय विद्यालय में बाल वाटिका कक्षा शुरू की गई है पूर्णविराम अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र शुरू होने वाला है जिसके तहत स्कूली शिक्षा को अब टेन प्लस टू के पुराने व्यवस्था से निकालकर 5 प्लस 3 एवं 3 प्लस 4 में बदल दिया गया है। छात्रों के प्रवेश लेने के प्रथम 5 वर्ष में उन्हें बुनियादी स्तर पर मजबूत बनाने का कार्य स्कूली शिक्षा के तहत किया जाएगा जिसमें शुरू के 3 साल बाल वाटिका के होंगे वह अगले 2 वर्ष में पहली व दूसरी कक्षा में अध्ययन करेंगे। असल में पब्लिक स्कूलों की मनमानी के अनुसार बच्चों को कम उम्र से ही प्ले ग्रुप में भर्ती किया जा रहा है जो कि बच्चों की मानसिक विकास के अनुरूप नहीं है। अभिभावक भी बच्चों को ढाई वर्ष की उम्र में ही स्कूल भेजने की दौड़ में शामिल हो रहे हैं जबकि इसके पीटे वे पब्लिक स्कूल है जो अपने लाभ के लिए बच्चों के कमजोर मन पर पढ़ाई का बोझ लाद रहे हैं। नई शिक्षा नीति के तहत अब यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पहली कक्षा में दाखिले की न्यूनतम उम्र 6 वर्ष रहेगी एवं यदि कोई छात्र इससे कम उम्र में कक्षा एक में अध्ययन करता है तो यह स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वैसे छात्र को उसके उम्र के अनुरूप ही अगली कक्षा में पूर्ण करें। बच्चों को कम उम्र में स्कूल भेजना उन पर अनावश्यक तौर पर दबाव डालने जैसा है एवं पाठ्यक्रम भी इस प्रकार से थोपा जा रहा है जिसे लेकर कई बार बच्चों में चिड़चिड़ापन एवं तनाव भी देखा जा रहा है। उम्मीद की जा सकती है कि केंद्र सरकार का नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा शुरू करने की उम्र का यह नया प्रयोग देश के नौनिहालों के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही पब्लिक स्कूलों में प्रवेश के लिए कम उम्र से ही बच्चों को दाखिले देने की प्रवृत्ति पर भी रोकथाम लग सकेगी। केंद्र सरकार को सरकारी स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों को भी इस दिशा में कड़े दिशा निर्देश जारी करनी चाहिए और यदि कोई भी विद्यालय प्रबंधन यदि नीतियों के विपरीत दाखिले करता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने का साहस भी दिखाना चाहिए।

# पंजाब से सीखे सारा भारत

**यदि सारे भारत के प्रांत इसी पद्धति का अनुकरण करें तो कितना अच्छा हो। सबके घरों और दुकानों पर नामपट मोटे-मोटे अक्षरों में अपनी प्रांतीय भाषाओं में हों और छोटे-छोटे अक्षरों में राष्ट्रीय संपर्क भाषा हिंदी में हों और यदि कोई किसी विदेशी भाषा में भी रखना चाहें तो रखें। यदि यह नियम सारे देश में लागू हो जाए तो एक-दूसरे की भाषा सीखना भी काफी सरल हो जाएगा। यदि पंजाब की आप सरकार इतनी हिम्मत दिखा रही है तो दिल्ली में केजरीवाल की सरकार भी यही पहल क्यों नहीं करती ?दिल्ली अगर सुधर गई तो उसका असर सारे देश पर होगा। हमारे सभी राजनीतिक दल आजकल वोट और नोट के चक्कर में पागल हुए हैं। उन्हें समाज-सुधार से कोई मतलब नहीं है। भाषा के सवाल पर कानून बनाने की जरूरत ही क्यों पड़ रही है? यह तो लोकप्रिय जन-आंदोलन बनना चाहिए। जैसे 5-7 साल पहले मैंने ''स्वभाषा में हस्ताक्षर'' अभियान चलाया था। अब तक लगभग 50 लाख लोगों ने अपने हस्ताक्षर अंग्रेजी से बदलकर स्वभाषाओं में करवा लिए हैं।**


**वेद प्रताप वैदिक**

अब से लगभग 65 साल पहले मैंने इंदौर में एक आंदोलन चलाया था कि सारे दुकानदार अपने नामपट हिंदी में लगाएं। अंग्रेजी नामपट हटाएं। दुनिया के सिर्फ ऐसे देशों में दुकानों और मकानों के नामपट विदेशी भाषाओं में लिखे होते हैं, जो उन देशों के गुलाम रहे होते हैं। भारत को आजाद हुए 75 साल हो रहे हैं लेकिन भाषाई गुलामी ने हमारा पिंड नहीं छोड़ा है। जो हाल हमारा है, वही पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार का भी है। नेपाल, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों में ऐसी गुलामी का असर काफी कम दिखाई पड़ता है।

इस मामले में पंजाब की आप पार्टी की सरकार ने कमाल कर दिया है। उसने अब यह नियम कल (21 फरवरी) से लागू कर दिया है कि दुकानों पर सारे नामपट पंजाबी भाषा में होंगे और सारी सरकारी वेबसाइट भी पंजाबी भाषा में होंगी। जो इस नियम का उल्लंघन करेगा, उसे 5 हजार रु. तक जुर्माना भरना पड़ेगा। इससे भी सख्त नियम महाराष्ट्र में लागू हैं। वहां नामपट यदि मराठी भाषा और देवनागरी लिपि में नहीं होंगे तो एक लाख रु. तक जुर्माना ठोका जा सकता है। तमिलनाडु में भी जुर्माने की व्यवस्था है। कर्नाटक में भी नामपटों को कन्नड़ भाषा में लिखने का आंदोलन जमकर चला है।

यदि सारे भारत के प्रांत इसी पद्धति का अनुकरण करें तो कितना अच्छा हो। सबके घरों और दुकानों पर नामपट मोटे-मोटे अक्षरों में अपनी प्रांतीय भाषाओं में हों और छोटे-छोटे अक्षरों में राष्ट्रीय संपर्क भाषा हिंदी में हों और यदि कोई किसी विदेशी भाषा में भी रखना चाहें तो रखें। यदि यह नियम सारे देश में लागू हो जाए तो एक-दूसरे की भाषा सीखना भी काफी सरल हो जाएगा। यदि पंजाब की आप सरकार इतनी हिम्मत दिखा रही है तो दिल्ली में केजरीवाल की सरकार भी यही पहल क्यों नहीं करती ?दिल्ली अगर सुधर गई तो उसका असर सारे देश पर होगा। हमारे सभी राजनीतिक दल आजकल वोट और नोट के चक्कर में पागल हुए हैं। उन्हें समाज-सुधार से कोई मतलब नहीं है। भाषा के सवाल पर कानून बनाने की जरूरत ही क्यों पड़ रही है? यह तो लोकप्रिय जन-आंदोलन बनना चाहिए। जैसे 5-7 साल पहले मैंने ''स्वभाषा में हस्ताक्षर'' अभियान चलाया था। अब तक लगभग 50 लाख लोगों ने अपने हस्ताक्षर अंग्रेजी से बदलकर स्वभाषाओं में करवा लिए हैं।भारत के लोगों में स्वभाषा-प्रेम कम नहीं है लेकिन उसे जागृत करने का जिम्मा हमारे राजनीतिक दल और नेता लोग ले लें तो भारत को महाशक्ति बनने में देर नहीं लगेगी। दुर्भाग्य है कि हमारे साधु-संत, मौलवी और पादरी लोग भी भाषा के मुद्दे पर मौन रहते हैं। क्या उन सब पर मैं यह रहस्य उजागर करूं कि कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा के दम पर

## बाइडन की यूक्रेन-यात्रा



**वेद प्रताप वैदिक**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की यूक्रेन-यात्रा ने सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। वैसे पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपति जैसे जार्ज बुश, बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप इराक और अफगानिस्तान में गए हैं लेकिन उस समय तक इन देशों में अमेरिकी फौजों का वर्चस्व कायम हो चुका था लेकिन यूक्रेन में न तो अमेरिकी फौजें हैं और न ही वहां युद्ध बंद हुआ है। वहां अभी रूसी हमला जारी है। दोनों देशों के डेढ़ लाख से ज्यादा सैनिक मर चुके हैं। हजारों मकान ढह चुके हैं और लाखों लोग देश छोडकर परदेश भागे चले जा रहे हैं। यूक्रेन फिर भी रूस के सामने डटा हुआ है। आत्म-समर्पण नहीं कर रहा है।

इसका मूल कारण अमेरिका का यूक्रेन को खुला समर्थन है। अमेरिका के समर्थन का अर्थ यही नहीं है कि अमेरिका सिर्फ डालर और हथियार यूक्रेन को दे रहा है, उसकी पहल पर यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी यूक्रेन की रक्षा के लिए कमर कसे हुए हैं। बाइडेन तो युद्ध शुरु होने के साल भर बाद यूक्रेन पहुंचे हैं लेकिन फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मेक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जनसन और ाषि सुनाक भी यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर वोलोदोमीर झेलेंस्की की पीठ थपथपाए हैं।

राष्ट्रपति बाइडन का कीव पहुंचना इसलिए भी आश्चर्यजनक रहा कि इस समय रूसी हमला बहुत जोरों पर है और बाइडन के जीवन को कोई भी खतरा हो सकता था। इसीलिए यह यात्रा बिल्कुल गोपनीय रही लेकिन अमेरिकी शासन ने यात्रा के कुछ घंटे पहले मास्को को चेताया कि बाइडन कीव जा रहे हैं ताकि इस युद्ध को समाप्त किया जा सके। लेकिन बाइडन ने वहां जाकर क्या किया?

झेलेंस्की की पीठ ठोकी और 500 मिलियन डालर के हथियार और सौंप दिए। इसके अलावा उन्होंने रूस और चीन को चेतावनियां दे डालीं। अमेरिकी प्रवक्ता ने चीन पर आरोप लगाया कि वह रूस को हथियार सप्लाय कर रहा है। चीन ने इस आरोप को रद्द कर दिया और अमेरिका से कहा कि वह यूक्रेन को भडकाने की बजाए समझाने का काम करे।

अमेरिका के भी कुछ रिपब्लिकन नेता बाइडन की नीतियों को गलत बता चुके हैं। मुझे संदेह है कि बाइडन ने झेलेंस्की को कोई ऐसे सुझाव दिए होंगे, जिनसे यह युद्ध बंद हो सके। वास्तव में विश्व महाशक्ति बनते हुए चीन से अमेरिका ने ऐसा पंगा ले रखा है कि वह इस युद्ध को चलते रहना ही देखना चाहता है। इससे अमेरिका का शास्त्रास्त्र उद्योग भी परम प्रसन्न रहता है। इस मौके पर भारत की भूमिका बेजोड़ हो सकती है, लेकिन भारत के पास उस स्तर का कोई नेता या कोई कूटनीतिज्ञ होना जरूरी है।

## पाकिस्तान का हाल, बिल्कुल बेहाल

**वेद प्रताप वैदिक**

पाकिस्तान इस समय दक्षिण एशिया का सबसे गया बीता देश बन गया है। यों तो श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और बांग्लादेश की भी हालत अच्छी नहीं है। इन सभी देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट में हैं लेकिन पाकिस्तान में मंहगाई इस कदर छलांग मार रही है कि आम लोगों का रोजाना का भरण-पोषण भी मुश्किल हो गया है। पेट्रोल पौने तीन सौ रू. लीटर, गेहूं सवा सौ रू. किलो, टमाटर ढाई सौ रू. किलो और चिकन साढ़े सात सौ रु. किलो हो गया है। लोग घी-तेल की छीना-झपटी पर उतारू हो गए हैं। सरकार ने अपने लघु बजट में नागरिकों पर तरह-तरह के नए टैक्स ठोक दिए हैं।



**विदेशी मुद्रा का भंडार भी लगभग खाली हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान को 1.1 बिलियन डलर का कर्ज देने को तैयार है लेकिन उसकी शर्त है कि पाकिस्तान की सरकार पहले अपनी आमदनी बढ़ाये। कर्ज में डूबी सरकार का अब एक ही नारा है- 'मरता, क्या नहीं करता?' वित्तमंत्री इशाक डार ने जो कि मियां नवाज शरीफ के समधी हैं, जो अभी पूरक बजट पेश किया है, उसमें 170 बिलियन रूपए के नए टैक्स उगाहने का वादा किया है। इधर पाकिस्तान की अर्थ-व्यवस्था इतने भयंकर संकट में है याने वह किसी युद्ध की स्थिति से भी बदतर है लेकिन पाकिस्तान की राजनीति का हाल बिल्कुल बेहाल है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। इमरान की गिरफ्तारी की खबर आंधी की तरह लाहौर को घेरे हुए है। इमरान-समर्थक हजारों लोग उनके घर पर जमा हो गए हैं ताकि उन्हें कोई गिरफ्तार न कर सके। सरकार का जितना ध्यान अपने देश की डूबती हुई अर्थ व्यवस्था को उबारने में लगा है, उससे ज्यादा इमरान के साथ दंगल करने में लगा हुआ है। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इस्लामाबाद को बलूच, पठान और सिंधी लोग घूंसा दिखाने लगे हैं।वे पाकिस्तान से अलग होने का नारा लगाने लगे हैं। जिन तालिबान को टेका देने में पाकिस्तान की फौज ने जमीन-आसमान एक कर दिए थे, वे ही तालिबान अब डूरेंड लाइन को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इससे भी ज्यादा खतरनाक बात यह हो रही है कि जिस चीन पर तकिया था, वही अब हवा देने लगा है।**

विदेशी मुद्रा का भंडार भी लगभग खाली हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान को 1.1 बिलियन डलर का कर्ज देने को तैयार है लेकिन उसकी शर्त है कि पाकिस्तान की सरकार पहले अपनी आमदनी बढ़ाये। कर्ज में डूबी सरकार का अब एक ही नारा है- 'मरता, क्या नहीं करता?' वित्तमंत्री इशाक डार ने जो कि मियां नवाज शरीफ के समधी हैं, जो अभी पूरक बजट पेश किया है, उसमें 170 बिलियन रूपए के नए टैक्स उगाहने का वादा किया है। इधर पाकिस्तान की अर्थ-व्यवस्था इतने भयंकर संकट में है याने वह किसी युद्ध की स्थिति से भी बदतर है लेकिन पाकिस्तान की राजनीति का हाल बिल्कुल बेहाल है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। इमरान की गिरफ्तारी की खबर आंधी की तरह लाहौर को घेरे हुए है। इमरान-समर्थक हजारों लोग उनके घर पर जमा हो गए हैं ताकि उन्हें कोई गिरफ्तार न कर सके।

सरकार का जितना ध्यान अपने देश की डूबती हुई अर्थ व्यवस्था को उबारने में लगा है, उससे ज्यादा इमरान के साथ दंगल करने में लगा हुआ है। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इस्लामाबाद को बलूच, पठान और सिंधी लोग घूंसा दिखाने लगे हैं।

वे पाकिस्तान से अलग होने का नारा लगाने लगे हैं। जिन तालिबान को टेका देने में पाकिस्तान की फौज ने जमीन-आसमान एक कर दिए थे, वे ही तालिबान अब डूरेंड लाइन को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इससे भी ज्यादा खतरनाक बात यह हो रही है कि जिस चीन पर तकिया था, वही अब हवा देने लगा है। चीन ने अपना वाणिज्य दूतावास बंद कर दिया है।

चीन अपनी रेशम महापथ योजना के तहत पाकिस्तान में सडकें, रेल, पाइपलाइन और बंदरगाह बनाने पर लगभग 65 बिलियन डलर खर्च कर रहा है। लेकिन चीनी कंपनियां कुछ भी माल भेजने के पहले अग्रिम भुगतान की मांग कर रही हैं। पाकिस्तान के पास पैसे ही नहीं है। वह अग्रिम भुगतान कैसे करे?

चीनी नागरिकों की हत्या से भी चीन नाराज है। पाकिस्तान को अन्य मुस्लिम देश भी उबारने के लिए तैयार नहीं हैं। यदि इस मौके पर शाहबाज सरकार में दम हो तो पाक-भारत व्यापार फिर से शुरु करे और मोदी से मदद मांगे तो एक पंथ, कई काज सिद्ध हो सकते हैं।

## याददाश्त को कमजोर कर सकते हैं ये 5 खाद्य पदार्थ, खाने से बचें

शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक मस्तिष्क को ठीक स्थिति में रखने के लिए पर्याप्त पोषण और स्वस्थ आहार की आवश्यकता होती है। ऐसे में कुछ खाद्य पदार्थ हैं, जो याददाश्त और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं, जबकि कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जो याददाश्त को प्रभावित करते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपकी याददाश्त की समस्या और खराब हो सकती है।

रिफाइंड ब्रेड और पास्ता आपके मस्तिष्क के लिए सबसे खराब खाद्य पदार्थों में से एक हैं क्योंकि प्रोसेसिंग के समय इनके पोषक तत्व छीन लिए जाते हैं। ये संसाधित और उच्च ग्लाइसेमिक कार्ब्स आपके इंसुलिन और ब्लड शुगर के स्तर को भी बढ़ा सकते हैं, जिससे आपकी याददाश्त और कग्निटिव क्षमता प्रभावित होती है। आप इनके बजाय अपने आहार में ब्राउन राइस पास्ता या होल ग्रेन ब्रेड शामिल कर सकते हैं।

**तले हुए खाद्य पदार्थ**

समोसा, चिप्स, फ्रेंच फ्राइज और पकोड़े जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है। ये आपकी याददाश्त को हानि पहुंचा सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, ऐसे लोग जो तले हुए खाद्य पदार्थों से भरे आहार का सेवन करते थे, उन्होंने याददाश्त और एकाग्रता में कमी का अनुभव किया। ये खाद्य पदार्थ शरीर में सूजन पैदा करते हैं, जो आपके मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती है।

**रिफाइंड ब्रेड और पास्ता**

रिफाइंड ब्रेड और पास्ता आपके मस्तिष्क के लिए सबसे खराब खाद्य पदार्थों में से एक हैं क्योंकि प्रोसेसिंग के समय इनके पोषक तत्व छीन लिए जाते हैं। ये संसाधित और उच्च ग्लाइसेमिक कार्ब्स आपके इंसुलिन और ब्लड शुगर के स्तर को भी बढ़ा सकते हैं, जिससे आपकी याददाश्त और कग्निटिव क्षमता प्रभावित होती है। आप इनके बजाय अपने आहार में ब्राउन राइस पास्ता या होल ग्रेन ब्रेड शामिल कर सकते हैं।

**वेजिटेबल तेल**

कनोला तेल जैसे वेजिटेबल तेल में एंफ्लेमेटरी फैटी एसिड और ओमेगा-6 फैटी एसिड अधिक होते हैं, जो आपके मस्तिष्क के कामकाज को प्रभावित कर सकते हैं और अल्जाइमर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। ये डिप्रेशन और कग्निटिव क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं। वेजिटेबल तेल के सेवन से होने वाली पुरानी मस्तिष्क सूजन अक्सर मानसिक थकावट का कारण बन सकती है। इसके बजाय मस्तिष्क का विकास करने वाला नारियल के तेल या जैतून का तेल चुनें।

**चीज**

चीज सैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है, जो आपके मस्तिष्क के वेसेल्स को बंद करके सूजन पैदा कर सकता है। इससे याददाश्त कम होती और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। अमेरिकन चीज और मोजेरेला स्टिक जैसी चीज शरीर में प्रोटीन का निर्माण करती हैं, जो अल्जाइमर का कारण बनती है। इसके बजाय आप एवोकाडो जैसे प्लांट-बेस्ड क्रीमी विकल्पों को चुनें, जो फोलेट का एक बड़ा स्रोत होते हैं और याददाश्त को बढ़ाने के लिए उपयोगी हैं।

**शराब**

शराब हर प्रकार से सेहत को नुकसान पहुंचाती है, चाहें बात लिवर की हो या फिर याददाश्त की। दरअसल, जिस तरह शराब के सेवन से लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है और कई तरह की घातक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, ठीक उसी तरह शराब का सेवन व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को कम करने लगता है। इसी कारण आपको शराब के सेवन से दूरी बना लेनी चाहिए।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों पर संशय

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को कार्यकाल विस्तार मिले दो हफ्ते से ज्यादा हो गए लेकिन अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि पार्टी संगठन में कोई बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने अपनी टीम में किसी नए सदस्य को शामिल करने या किसी को हटाने का संकेत भी नहीं दिया है। इतना ही नहीं प्रदेश अध्यक्षों को लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं हुई है। केंद्रीय संगठन को लेकर तो वैसे भी ज्यादा उलटफेर की संभावना नहीं थी लेकिन कई प्रदेशों में बदलाव की चर्चा थी। लेकिन अब बदलाव की बजाय यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या नड्डा की तरह प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल का भी अगले चुनाव तक विस्तार हो सकता है?



यह सवाल इसलिए है क्योंकि प्रदेशों में कार्यकारिणी की बैठक चल रही है और पुराने अध्यक्ष ही सब कुछ संभाल रहे हैं। बिहार में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक दरभंगा में हुई है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया है कि भाजपा अब कभी भी नीतीश कुमार की पार्टी से तालमेल नहीं करेगी। इस बैठक में भी आधिकारिक रूप से संगठन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पर इसमें शामिल हुए नेताओं के मुताबिक दबी जुबान में इस बात पर चर्चा होती रही कि क्या प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल को भी कार्य विस्तार मिल सकता है? उनका कार्यकाल पूरा हो गया है और काफी समय से उनको बदले जाने की चर्चा है। लेकिन अब इसकी चर्चा थम गई है।

इसी तरह झारखंड में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक देवघर में हुई, जहां राज्य की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव और आगे के चुनावों पर चर्चा हुई। राज्य सरकार के खिलाफ अभियान चलाने के बारे में भी चर्चा हुई लेकिन संगठन को लेकर विचार नहीं हुआ। वहां भी यही खुसर फुसर रही कि क्या दीपक प्रकाश अध्यक्ष बने रहेंगे? उनका भी कार्यकाल समाप्त हो गया है। परंतु जेपी नड्डा के साथ उनकी नजदीकी को देखते हुए कहा जा रहा है कि उनको कार्य विस्तार मिल सकता है।

**राजधानी दिल्ली में दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा के हारने के बाद प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह वीरेंद्र सचदेवा को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। अब वे पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर काम करते दिख रहे हैं। वे अगले चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। इस वजह से दिल्ली प्रदेश के जो नेता अध्यक्ष पद की होड़ में थे वे निराश हैं और पता लगाने की कोशिश में हैं कि वीरेंद्र सचदेवा को ही अध्यक्ष बनाया जाएगा या कोई नया अध्यक्ष नियुक्त होगा।**

राजधानी दिल्ली में दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा के हारने के बाद प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह वीरेंद्र सचदेवा को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। अब वे पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर काम करते दिख रहे हैं। वे अगले चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। इस वजह से दिल्ली प्रदेश के जो नेता अध्यक्ष पद की होड़ में थे वे निराश हैं और पता लगाने की कोशिश में हैं कि वीरेंद्र सचदेवा को ही अध्यक्ष बनाया जाएगा या कोई नया अध्यक्ष नियुक्त होगा। राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष वीडी शर्मा को भी बदले जाने की चर्चा थी लेकिन अब कहा जा रहा है कि इन दोनों को भी अगले लोकसभा चुनाव तक विस्तार मिल सकता है। इन दोनों राज्यों में इसी साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। उधर कर्नाटक में भी प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतिल को मई में होने वाले विधानसभा चुनाव तक विस्तार मिलता दिख रहा है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों पर संशय

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को कार्यकाल विस्तार मिले दो हफ्ते से ज्यादा हो गए लेकिन अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं है कि पार्टी संगठन में कोई बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने अपनी टीम में किसी नए सदस्य को शामिल करने या किसी को हटाने का संकेत भी नहीं दिया है। इतना ही नहीं प्रदेश अध्यक्षों को लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं हुई है। केंद्रीय संगठन को लेकर तो वैसे भी ज्यादा उलटफेर की संभावना नहीं थी लेकिन कई प्रदेशों में बदलाव की चर्चा थी। लेकिन अब बदलाव की बजाय यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या नड्डा की तरह प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल का भी अगले चुनाव तक विस्तार हो सकता है?

यह सवाल इसलिए है क्योंकि प्रदेशों में कार्यकारिणी की बैठक चल रही है और पुराने अध्यक्ष ही सब कुछ संभाल रहे हैं। बिहार में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक दरभंगा में हुई है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया है कि भाजपा अब कभी भी नीतीश कुमार की पार्टी से तालमेल नहीं करेगी। इस बैठक में भी आधिकारिक रूप से संगठन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पर इसमें शामिल हुए नेताओं के मुताबिक दबी जुबान में इस बात पर चर्चा होती रही कि क्या प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल को भी कार्य विस्तार मिल सकता है? उनका कार्यकाल पूरा हो गया है और काफी समय से उनको बदले जाने की चर्चा है। लेकिन अब इसकी चर्चा थम गई है।इसी तरह झारखंड में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक देवघर में हुई, जहां राज्य की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव और आगे के चुनावों पर चर्चा हुई। राज्य सरकार के खिलाफ अभियान चलाने के बारे में भी चर्चा हुई लेकिन संगठन को लेकर विचार नहीं हुआ। वहां भी यही खुसर फुसर रही कि क्या दीपक प्रकाश अध्यक्ष बने रहेंगे? उनका भी कार्यकाल समाप्त हो गया है। परंतु जेपी नड्डा के साथ उनकी नजदीकी को देखते हुए कहा जा रहा है कि उनको कार्य विस्तार मिल सकता है।राजधानी दिल्ली में दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में भाजपा के हारने के बाद प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह वीरेंद्र सचदेवा को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। अब वे पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर काम करते दिख रहे हैं। वे अगले चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। इस वजह से दिल्ली प्रदेश के जो नेता अध्यक्ष पद की होड़ में थे वे निराश हैं और पता लगाने की कोशिश में हैं कि वीरेंद्र सचदेवा को ही अध्यक्ष बनाया जाएगा या कोई नया अध्यक्ष नियुक्त होगा। राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया और मध्य प्रदेश के अध्यक्ष वीडी शर्मा को भी बदले जाने की चर्चा थी लेकिन अब कहा जा रहा है कि इन दोनों को भी अगले लोकसभा चुनाव तक विस्तार मिल सकता है। इन दोनों राज्यों में इसी साल के अंत में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। उधर कर्नाटक में भी प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतिल को मई में होने वाले विधानसभा चुनाव तक विस्तार मिलता दिख रहा है।

## बसपा पूर्व विधायक के कोल्ड स्टोरेज में बायलर फटा, सात की मौत

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ जनपद के दौराला क्षेत्र में बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह के कोल्ड स्टोरेज में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। बताया गया कि कोल्ड स्टोरेज में बयलर फट गया, जिसके चलते गैस रिसाव हो गई है और पूरी छत ही उड़ गई। सूत्रों के मुताबिक, सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों मजदूर घायल हुए हैं। वहीं मरने वालों की उम्र 25 से 35 साल बताई जा रही है।

वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। मारे गए लोगों के प्रति दुख जताते हुए अधिकारियों को बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी है।

उधर, हादसे के बाद तबीयत बिगड़ने पर पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि कुछ मजदूर मलबे में दबे तो कुछ रिसाव से बेहोश हुए हैं, जिनको मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह का दौराला में जन शक्ति के नाम से कोल्ड स्टोरेज है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर 3रू30 बजे कोल्ड स्टोर में बयलर फट गया। जिससे अमोनिया गैस का रिसाव पूरे कोल्ड स्टोर में हो गया। गैस रिसाव होने से कुछ मजदूर घायल हो गए। इसी बीच कोल्ड स्टोरेज की छत भी उड़ गई, जिसमें दर्जनों मजदूर मलबे में दब गए।

घायल युवक ने बताया कि बुधवार को शाम साढ़े बजे 27 लोगों का एक दल जम्मू से मेरठ के लिए रवाना हुआ था। ठेकेदार जगदीश कुमार जम्मू से लेवल लेकर चला था। सभी लोग गुरुवार सुबह आठ बजे मेरठ पहुंच गए थे। बताया गया कि सभी मजदूर 1000 रुपये रोज की मजदूरी पर एक महीने के लिए आए थे।

पीड़ितों के अनुसार कुछ लोग काम करने के बाद लौटे हुए थे। वहीं कुछ लोग आलू भरने का काम कर रहे थे। इसी बीच तेज धमाके की आवाज हुई और धूल के गुब्बार बन गए। इसी बीच चीख-पुकार की आवाज आने लगी। धीरे-धीरे करके लेंटर पूरी तरह गिरने लगा। सभी लोग पहली बार मेरठ काम के लिए आए थे।

बताया गया कि सभी मजदूर जम्मू-कश्मीर के थे और ये कल ही काम पर आए थे। फिलहाल पुलिस प्रशासन की टीमें राहत बचाव कार्य में लगी हैं। टीमों का कहना है कि मजदूरों को चिह्नित करने का काम बाद में किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पहले राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। वहीं एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है।



वहीं मेडिकल कलेज में डक्टर और स्टाफ अलर्ट पर हैं। घायलों के लिए 20 बैड तैयार किए गए हैं। सीओ सिविल लाइंस के साथ तीन थानों की फोर्स भी मौके पर मौजूद है। एंबुलेंस को तेजी से निकालने के लिए सड़क पर भी जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात है। तीन शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे हैं।

**हस्पिटलों में भर्ती घायलों के नाम**

सूरज पुत्र चरणदास, निवासी रामनगर जम्मू, सुदेश पुत्र चरणदास निवासी जम्मू, काका राम पुत्र दर्शन कुमार निवासी जम्मू, रमेश पुत्र रतन निवासी पंचारी, जम्मू, ाषिपाल पुत्र फकीर सिंह निवासी जम्मू, घर सिंह, पवन पुत्र चंदूदास निवासी जम्मू, श्यामलाल, गोपाल सिंह पुत्र रोमाल सिंह, निवासी उधमपुर, शेरू पुत्र रतन निवासी उधमपुर, रतन सिंह पुत्र जनके सिंह पंचारी उधमपुर, खेमराज पुत्र सतराम, रतन चंद पुत्र मंगते राम निवासी उधमपुर, ष्णकुमार पुत्र ज्ञानचंद निवासी रामनगर, यशपाल पुत्र ज्ञानचंद्र निवासी उधमपुर आदि घायल हुए हैं।

**मृतकों के नाम**

1. बलदेव सिंह पुत्र रुमाल सिंह निवासी पंचारी जिला उधमपुर
2. मृतक बलवीर पुत्र बंशीलाल निवासी पंचारी उधमपुर
3. मृतक सत्यपाल पुत्र जगतराम निवासी बढौता थाना पंचारी उधमपुर
4. मृतक बलवंत पुत्र चरणदास निवासी जोफड़ थाना रामनगर जिला उधमपुर
5. मृतक होशियार सिंह पुत्र नामालूम निवासी सूम्बड़ थाना रामबन जिला रामबन

घटना की जानकारी लगने पर डीएम, एसएसपी, एडीएम सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीएमओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। वहीं कमिश्नर भी मौके पर पहुंच गए हैं। इनके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक संगीत सोम भी मौके पर पहुंचे।

जिला अधिकारी का कहना है कि कोल्ड स्टोरेज के बराबर में एक सीबीएसई का स्कूल है, जिसको कल यानी शनिवार को बंद रखा जाएगा।

हादसे की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंच कर उन्होंने हादसे में बचे मजदूरों से बात की। मजदूरों ने बताया कि वह जम्मू के रहने वाले हैं और हादसे से कुछ देर पहले ही वह कोल्ड स्टोर से बाहर चाय पीने आए थे। उन्होंने बताया कि मलबे में उनके साथ आने वाले लगभग 25 से 27 लोग दबे हैं। बचाव कार्य के दौरान अब तक 13 से 14 लोगों को बाहर निकाला गया है।हादसे के बाद मौके पर दर्जनों एंबुलेंस और आला अधिकारी पहुंच गए हैं। एक के बाद एक लगभग 11 एंबुलेंस मलबे में दबे मजदूरों को लेकर मेरठ पहुंच गई। बचाव कार्य जारी है। वहीं अधिकारियों के निर्देश पर 2-3 जेसीबी मौके पर बुलाई गई है, जो मलबे को हटाकर दबे हुए मजदूरों को बाहर निकालने में लगी है।मेडिकल कलेज के इमरजेंसी मेडिकल अफिसर डाक्टर हर्षवर्धन ने बताया कि मेडिकल कलेज की इमरजेंसी में तीन लोग पहुंचे थे। दो मृत थे, जिनकी उम्र 26 और 35 साल थी। दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। जबकि एक घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। दो अन्य मृतक सीधे मोर्चरी लाए गए, इमरजेंसी नहीं पहुंचे।

## तुर्की में इमारतों के ढहने के मामले में 171 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की ने देश के दक्षिण पूर्व में भूकंप से हजारों इमारतों के ढह जाने के बाद निर्माण के दौरान संदिग्ध भ्रष्टाचार की जांच के तहत 171 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। तुर्की की समाचार एजेंसी अनादोलू ने न्याय मंत्री बेकिर बोजडाग के हवाले से यह जानकारी दी।

तुर्की की मीडिया ने पहले भी इस मामले में शामिल होने के संदेह में कुछ लोगों की गिरफ्तारी की सूचना दी थी। गौरतलब है कि छह फरवरी को सीरिया और तुर्की के कुछ हिस्सों में शक्तिशाली भूकंप आए, जिससे हजारों मकान ढह गये। इसके बाद भी कई झटके आये, जिन्हें तुर्की के 10 प्रांतों और पड़ोसी देशों में महसूस किया गया। तुर्की में भूकंप से मरने वालों की संख्या 43,000 से अधिक हो गयी है। इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस क्षेत्र में कई नए भूकंप आए, जिससे तबाही और बढी गयी।

## उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक दिन पहले अपने पूर्वी तट पर लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। बाद में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी इसकी पुष्टि की। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने कहा कि इन परीक्षणों का उद्देश्य हथियारों का संचालन करने वाली इकाई की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं तथा मिसाइलों की विश्वसनीयता की पुष्टि करना था।

यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों से निपटने की अपनी तैयारी मजबूत करने के उद्देश्य से वाशिंगटन में एक अभ्यास किया। प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि उत्तरपूर्वी तट से छोड़े जाने के बाद चार मिसाइलों ने करीब तीन घंटे तक उडन भरी और यह दिखाया कि ये 2,000 किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं।

## भारत-अमेरिका रक्षा सह-निर्माण के लिए इस समय अभूतपूर्व अवसर: ओआरएफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका स्थित एक थिक टैंक ने भारत-अमेरिका रक्षा सह-निर्माण के लिए अभूतपूर्व अवसरों के मद्देनजर कहा कि दोनों देशों की कंपनियों के बीच अधिक रक्षा उद्योग साझेदारी वाणिज्यिक और नियामक कारकों पर निर्भर है। अब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (अमेरिका) ने बृहस्पतिवार को जारी सटीक लक्ष्यरू अमेरिका-भारत रक्षा उद्योग साझेदारी को तेज करना नामक रिपोर्ट में कहा कि भारत में अनुमानित मांग सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालीन निवेश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए मजबूत का-रोबारी आधार की आवश्यकता है। ओआरएफ (अमेरिका) ने रिपोर्ट में कहा, अमेरिका-भारत रक्षा उद्योग साझेदारी में कई कारकों को देखते हुए तेजी लायी जा सकती है जिसमें यूक्रेन में युद्ध के कारण पैदा हुई तत्काल परिस्थितियों समेत सहायक घरेलू नीतियां और अनुकूल भू-राजनीतिक स्थिति शामिल है।

## यूक्रेन संबंधी यूएनजीए सत्र में कश्मीर का मामला उठाने पर भारत ने की पाकिस्तान की आलोचना

**संयुक्त राष्ट्र, , एजेंसी।** यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में जम्मू-कश्मीर का जिक्र करने पर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना की।भारत ने पाकिस्तान के इस उकसावे को अफसोसजनक और गलत जगह की गई बात करार दिया तथा आतंकवादियों को पनाहगाह मुहैया कराने के पाकिस्तान के पिछले रिकर्ड का जिक्र किया।

## कश्मीर के बच्चे आठ दिवसीय भारत दर्शन दौरे पर, लूलू मल का किया दौरा

**लखनऊ, एजेंसी।** श्रीनगर के एक सरकारी स्कूल के 23 बच्चे, जो आठ दिवसीय भारत दर्शन दौरे पर हैं, बड़ा इमामबाड़ा पहुंचे और बाद में लखनऊ के लूलू मल गए। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) फ्रंटियर यूनिट द्वारा आयोजित यात्रा चंडीगढ़ से उत्तर प्रदेश राज्य की राजधानी पहुंची।बड़ा इमामबाड़ा का भूल भुलैया देख बच्चे चकित रह गए।बाद में वे एक मल में गए, जहां उनका स्वागत लाल गुलाब से किया गया। मल के गेमिंग जोन में बच्चों ने खूब मस्ती की।

छात्रों ने राज्य मंत्री संजय गंगवार की उपस्थिति में लू लू फार्म फ्रेश के उद्घाटन समारोह में भी भाग लिया। उनके साथ उनके शारीरिक शिक्षा शिक्षक वकील अहमद भी थे।

उन्होंने कहा, ये बच्चे साधारण परिवारों से हैं। इस दौरे से पहले वे श्रीनगर से बाहर कभी नहीं गए थे। बच्चे अब ताजमहल देखने आगरा जाएंगे। एसएसबी लखनऊ फ्रंटियर के डीआईजी महेश कुमार ने कहा कि बच्चों को दूसरे राज्यों की संस्ति और पर्यटन स्थलों को दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मल में उन्हें बदलती तकनीक और बाजार से अवगत कराया गया। कुमार ने कहा कि ये बच्चे कश्मीर के उन इलाकों से आते हैं, जहां आतंकी घटनाएं होती हैं।

उन्होंने कहा, लेकिन अब कश्मीर में स्थिति बदल रही है। वे देश के हर शहर में जाकर और उनकी जीवन शैली देखकर खुद को मुख्यधारा से जोडने की कोशिश कर रहे हैं।

## कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, चार घायल

**धारवाड़ , एजेंसी।** यहां कार-ट्रक की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात को हुई, जब लोगों का एक समूह सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित एक युवक को विदा करने जा रहा था।

एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और तेगुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीटे से एक ट्रक में जा घुसी। हालांकि इस घटना में राहगीर की भी मौत हो गई।

अग्निवीर मंजूनाथ को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

मृतकों की पहचान नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी (29), महंतेश बसप्पा मुद्दोजी (40), बसवराज शिवपुत्रप्पा नारगुंड (35) और पांच वर्षीय लड़के श्रीकुमार नरगुंड और इरन्ना गुरुसिद्दप्पा रामनगौदर (35) के रूप में हुई है।पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इरन्ना पैदल यात्री थे, बाकी सभी कार सवार थे।

## मार्च आते ही गर्मी तोड़ेगी रिकार्ड, आईएमडी का अलर्ट- 40 डिग्री तक जाएगा तापमान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले पांच दिन में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक दर्ज किए जाने का अनुमान है। देश के कई हिस्सों में पहले से ही अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है जो आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह में दर्ज किया जाता है। इसने इस साल तीव्र गर्मी और लू को लेकर चिंताओं को बढ़ा दिया है।आईएमडी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत में अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, इसके बाद पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढने का अनुमान है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि मार्च के पहले पखवाड़े में उत्तर पश्चिमी भारत के एक या दो मौसम संबंधी उपखंडों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने फरवरी में असामान्य रूप से गर्म मौसम के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

## सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा, खडगे करेंगे नमिनेट

**रायपुर, , एजेंसी ।** अखिल भारतीय कांग्रेस का राष्ट्रीय महा अधिवेशन शुरू हो गया है। राष्ट्रीय महा महाधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के की मौजूद्गी में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा।सर्वसम्मति से तय किया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी नमिनेट करेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि ढाई घंटे चली कमेटी की बैठक में खुली बातचीत हुई। सभी सदस्यों ने अपनी बातें रखीं।

## अडानी ग्रुप को सुप्रीम झटका, मीडिया रिपोर्टिंग पर बैन की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली , एजेंसी, ।** संकटों का सामना कर रहे अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी ग्रुप को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़ी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में दायर याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि हम मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते। हम अपना फैसला सुनाएंगे।

वकील एमएल शर्मा ने याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम ऐसा कोई आदेश नहीं जारी करेंगे, जो मीडिया पर रोक लगाने संबंधी है।

अडानी संबंधी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले भी सख्ती दिखाई थी। कोर्ट ने केंद्र के उस पेशकश को खारिज किया था, जिसमें सरकार ने जांच पैनल की रिपोर्ट सील्ड कवर में पेश की थी। अडानी ग्रुप की तरफ से एक और याचिका दायर है, जिसमें हिंडनबर्ग के खिलाफ एक जांच के आदेश देने की मांग की गई है।

अडानी ग्रुप की तरफ से याचिका दायर करने वाले वकील एमएल शर्मा ने कोर्ट में कहा कि मामले की रिपोर्टिंग करके मीडिया सेंशेसन पैदा कर रही है। केस की सुनवाई कर रहे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि श्वाजिब बात कीजिए, मीडिया रिपेर्टिंग पर रोक लगाने की बात मत कीजिए। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि बेंच इस मामले में जल्द ही एक आदेश जारी करेगी।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते चीफ जस्टिस की ही एक बेंच ने हिंडनबर्ग-अडानी मामले में इन्वेस्टर्स और स्टक मार्केट को सुरक्षित रखने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। इसी मामले में केंद्र सरकार ने एक सील्ड कवर में अपने सुझाव दिए था और कुछ नाम सुझाए थे, जिन्हें एक्सपर्ट पैनल में शामिल किया जा सकता था। सीजेआई की बेंच अडानी केस में कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है, जिसमें दो याचिक-ाओं में हिंडनबर्ग के खिलाफ जांच के आदेश की मांग और दो याचिकाएं अडानी ग्रुप के खिलाफ जांच के आदेश की मांग के लिए दायर हैं।

## नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकमात्र लक्ष्य गरीब व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना: शाह

**सतना , एजेंसी ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश के सतना में शबरी माता जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित कोल जनजाति महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि एक जनजातीय माँ अपनी अनन्य राम भक्ति से युगों-युगों तक देश और करोड़ों लोगों के जीवन की प्रेरणा बन जाए - ऐसा जीवन, ऐसी भक्ति माँ शबरी थी। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा एकमात्र लक्ष्य है अंत्योदय के माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना। 2014 में प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद अपने पहले उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गाँव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पीडिघ्त, पिछड़ों, युवाओं और महिलाओं की सरकार होगी। अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कन्या पूजन, दीप प्रज्वलन एवं माता शबरी और प्रभु श्रीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्कोल जनजाति महाकुंभश कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अमित शाह ने कार्यक्रम की शुरुआत में लगभग 532 करोड़ रुपये की लागत से विकास के 70 निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया और लगभग 26 करोड़ रुपये के छोटे-छोटे विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। शाह ने कहा कि मैं कोल जनजाति के विकास के लिए शिवराज सिंह चौहान को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। मैं जब पहले जबलपुर आया था तब शिवराज सिंह चौहान ने मुझसे 14 घोषणाएं करवाई थी। मुझे लगता था कि मेरी उपस्थिति में शिवराज घोषणाएं करा रहे हैं और यदि पूरी नहीं हुई तो क्या होगा लेकिन आज मुझे खघ्ुशी है कि 14 की 14 घोषणा उन्होंने पूरी कर दी। यही भारतीय जनता पार्टी की पहचान है। अमित शाह ने कहा कि जब पीटे मुड़ कर इन 9 वर्षों की यात्रा को देखता हूँ कि स्पष्ट हो जाता है।अमित शाह ने कहा कि पिछले साढ़े 8 वर्षों में लगभग 9 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया, लगभग 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया, गरीबों के लिए लगभग तीन करोड़ से अधिक घर बनाए गए, देश के लगभग 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का लाभ दिया गया, 10 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

**तिरुवनंतपुरम (केरल), एजेंसी ।** कालीकट से दम्मम जा रहे एअर इंडिया के एक विमान के पिछले हिस्से के उड़ान भरने के दौरान श्संदिग्ध रूप से रनवे से टकरा जाने के बाद उसे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान आईएक्स 385 दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर 168 यात्रियों के साथ तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी जिसके बाद हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने पहले घोषित पूर्ण आपात स्थिति हटा दी। एअर इंडिया ने कहा कि कालीकट हवाई अड्डे से उड़ान भरते हुए विमान का पिछला हिस्सा संदिग्ध रूप से टकरा गया जिसके कारण कोझीकोड-दम्मम उड़ान का मार्ग तिरुवनंतपुरम की ओर मोड़ दिया। एअरलाइन ने एक अन्य विमान से यात्रियों को दम्मम भेजने की व्यवस्था की। इस विमान के आज शाम को ही तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरने की संभावना है। एअर इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा, एअरलाइन कर्मी तिरुनवंतपुरम में यात्रियों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रख रहे हैं। इस बीच, विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा कि वह घटना की जांच करेगा। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले अडाणी समूह ने कहा कि उन्होंने कालीकट पर घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपात स्थिति की घोषणा कर दी थी।

## पाकिस्तान के दो भाई ग्वांतानामो जेल से 20 साल बाद रिहा

**वाशिंगटन, , एजेंसी।** अमेरिकी अधिकारियों ने पाकिस्तान के दो भाइयों को 20 साल तक बिना आरोपों के ग्वांतानामो बे सैन्य जेल में बंद रखने के बाद बृहस्पतिवार को उनके देश भेज दिया। अब्दुल और मोहम्मद रब्बानी अमेरिकी हिरासत से रिहा होने वाले हालिया कैदी हैं। यह कदम तब उठाया गया जब अमेरिका जेल को खाली कराने तथा इसे बंद करने की कोशिशों में लगा है।

जर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन ने अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 को हुए अलकायदा के हमलों के बाद चरमपंथी संदिग्धों के लिए क्यूबा में नौसैन्य अड्डे पर यह जेल बनायी थी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दोनों भाइयों को 2002 में उनके गृह नगर कराची से गिरफ्तार किया था जिसके बाद उन्हें अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिया गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने दोनों पर अलकायदा सदस्यों को अपने घर में पनाह देने तथा अन्य सहयोग देने का आरोप लगाया था। दोनों भाइयों ने ग्वांतानामो भेजे जाने से पहले सीआईए की हिरासत में प्रताडिघ्त किए जाने का आरोप लगाया था। अमेरिकी सेना ने एक बयान में पाकिस्तानी भाइयों को उनके देश भेजे जाने की घोषणा की। इसने उनकी वापसी के संबंध में पाकिस्तान द्वारा रखी गयी किसी भी शर्त की अभी कोई जानकारी नहीं दी।

## किसानों की समस्या को केवल नरेंद्र मोदी ने ही समझा: जेपी नड्डा

**हनुमानगढ़ , एजेंसी ।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में सिख समाज द्वारा आयोजित श्किसान संगत अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं। देश के किसानों के साथ लंबे समय तक छल हुआ। कई राजनीतिक लोग स्वयंभू किसान नेता बन गए। किसानों के लिए बड़े-बड़े नारे भी दिए, बातें की गई लेकिन किसानों की समस्या समझ कर उनके हित में योजनाओं को धरातल में लाने का कार्य केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। फसल बीमा तो पहले भी थी लेकिन बीमा कंपनियों से किसानों को केवल और केवल धोखा ही मिलता था। लड्डा ने कहा कि फसल क्षतिपूर्ति को लेकर किसानों के लगभग 120 करोड़ केस थे। नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन सभी केसों का सेटलमेंट कराया। प्रधानमंत्री षि सम्मान निधि के तहत हर साल देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को छरू-छरू हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिलती है। राजस्थान के भी लगभग 77 लाख किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। अब तक 12 किस्तों में लगभग सवा दो लाख करोड़ रुपये किसानों के एकाउंट में पहुंचाए जा चुके हैं। आप ही बताइये कि किस किसान नेता ने किसानों के लिए ये काम किये? किस प्रधानमंत्री ने किसानों के सम्मान की बात की? क्या कभी किसी किसान ने सोचा था कि उन्हें भी पेंशन मिलेगी? किसानों को मासिक पेंशन देने की व्यवस्था नरेन्द्र मोदी सरकार ने की है। इस योजना से देश के लगभग 20 लाख किसान जुड़ चुके हैं। राजस्थान में लगभग 38,000 किसान इस योजना से जुड़े हैं। हालांकि ये संख्या कम है। मैं तो चाहूंगा कि यहाँ से लाखों किसान इस योजना से जुड़ें और इसका लाभ उठायें। नड्डा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत साढ़े 8 वर्षों में किसानों के कल्याण के लिए उठाये गए कदमों की विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया, राजस्थान विधान सभा में उप-नेता राजेंद्र राठौड़, राजस्थान की भाजपा प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, पूर्व मंत्री सरदार सुरेंद्र पाल सिंह, सरदार गुरचरण सिंह और सरदार कुलदीप सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे। नड्डा ने कहा कि ने कहा कि इस देश में आम नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता तक नहीं होती थी लेकिन आज मिट्टी के स्वास्थ्य की चिंता हो रही है। देश में करोड़ों स्वायल हेल्थ कार्ड जारी किये गए हैं और किये जा रहे हैं। इसके माध्यम से देश में लगभग 93 प्रतिशत मिट्टी की जांच की जा चुकी है। पहले यूरिया और अन्य खाद ब्लैक किये जाते थे। यूरिया की किल्लत से किसान हमेशा परेशान रहते थे। यूरिया के लिए किसानों पर लाठीचार्ज होता था। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नीमकोटेड यूरिया शुरू कर इसके ब्लैक मार्केटिंग पर अंकुश लगाया। अब किसानों को सही समय पर यूरिया मिलता है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में षि क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया। यहाँ के किसानों को भी इससे फायदा उठाना चाहिए। 2014 में षि का आम बजट महज 25 हजार करोड़ रुपये के आसपास था लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार में षि बजट लगभग पांच गुना बढ़ कर 125 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

# अखिल भारतीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप आज से




नयी दिल्ली ,। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत और कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर अखिल भारतीय अंतर साई ताइचंडो चैंपियनशिप की सह–मेजबानी करेगा जिसकी शुरुआत शुक्रवार को होगी।

दोनों देशों के बीच खेल विनिमय कार्यक्रम के रूप में होने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में होगा।

खेल मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस चैंपियनशिप की योजना कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों के 50वें वर्ष को मनाने और ताइचंडो को पुनर्जीवित करने के लिये बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह खेल दोनों देशों के बीच एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में भविष्य की नींव रखता है।चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, भारत में कोरियाई राजदूत चांग जे बोक, उप मंत्री एवं कोरियाई विदेश मंत्रालय के सार्वजनिक कूटनीति के राजदूत ली सांग हवा और कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के चांसलर अहं योंग क्यू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।तीन दिवसीय ताइचंडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता पूमसे और क्योरुगी सहित दो भागों में होगी। क्योरुगी डिवीजन को विश्व ताइचंडो महासंघ के प्रतियोगिता नियमों (खिलाड़ियों की उम्र, वजन) के अनुसार विभाजित किया गया है जबकि पूमसे डिवीजन को केवल पुरुषों और महिलाओं के आधार पर विभाजित किया जायेगा।भारतीय खेल प्राधिकरण के 79 क्षेत्रीय केंद्रों और क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में पंजीकृत केवल विशिष्ट ताइचंडो खिलाड़ी ही क्योरुगी श्रेणी में भाग लेंगे। पूमसे श्रेणी आम जनता के लिये खुली रहेगी। कोई भी कुक्कीवोन–प्रमाणित ताइचंडो डैन प्रमाणपत्र के साथ भाग ले सकता है।मंत्रालय के अनुसार, 10 क्योरूगी और दो पूमसे विजेता कोरियाई सरकार के समर्थन से कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे और पुरस्कार के रूप में तीन सप्ताह के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रोफेसरों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## 2024 तक क्रिकेट खेलना चाहते हैं वॉर्नर

सिडनी ,। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा कि अगर चयनकर्ता उन्हें टेस्ट टीम से बाहर भी कर देते हैं तो वह 2024 तक सीमित ओवर क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

वॉर्नर ने भारत से लौटने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं 2024 तक खेलने वाला हूं। अगर चयनकर्ताओं को लगता है कि मैं टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लायक नहीं हूं, तो ठीक है। मैं सीमित ओवर क्रिकेट में मेहनत कर सकता हूं।

गौरतलब है कि वॉर्नर को कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद ही स्वदेश लौटना पड़ा। वॉर्नर यहां तीन पारियों में क्रमशः एक, 10 और 15 रन ही बना सके। दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी में वॉर्नर चोट की वजह से बल्लेबाजी नहीं कर सके और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने उनके स्थान पर ट्रैविस हेड से ओपनिंग करवाई।

भारत में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद वॉर्नर को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज में खेल सकेंगे।

## भारत दौरे पर मैक्सवेल, मार्श की वनडे टीम में वापसी



मेलबर्न ,। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के विरुद्ध मार्च में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिये ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श को टीम में शामिल किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी जानकारी दी।

मार्श को टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने के लिये क्रिकेट से दूर कर दिया गया था, जबकि मैक्सवेल नवंबर में एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में अपना पैर फ्रैक्चर करवा बैठे थे। मैक्सवेल अपनी सर्जरी और रिहैब से गुज़रने के बाद फिलहाल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विक्टोरिया के लिये खेल रहे हैं, जबकि मार्श इस सप्ताहांत लिस्ट–ए क्रिकेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिये खेल सकते हैं। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच जारी टेस्ट सीरीज के समापन के बाद मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में होने वाले एकदिवसीय मुकाबलों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे।

सीए ने बताया कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद घर लौटने वाले डेविड वॉर्नर भी एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगे। वॉर्नर को दूसरे टेस्ट के दौरान कंकशन और कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौटना पड़ा था। नवंबर में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड भारत में भी वॉर्नर के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं।

भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड वनडे सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि जून में इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए हेज़लवुड को आराम दिया गया है।

बेली ने कहा, जॉश का इस सीरीज में खेलना बहुत अच्छा होता लेकिन हमने इंग्लैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती है जहां वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।बेली ने कहा, विश्व कप सिर्फ सात माह दूर है और भारत में ये मैच हमारी तैयारी का अहम हिस्सा हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और झे रिचर्डसन संभवत : अक्टूबर में हमारी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे।

# सेमीफाइनल की हार के साथ भारत का विश्व कप का सपना टूटा




केप टाउन ,। कप्तान हरमनप्रीत कौर (52) के अर्द्धशतक और जेमिमा रॉड्रिग्स (43) की विस्फोटक पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भारत को पांच रन से हराकर एक बार फिर टूर्नामेंट जीतने का उसका सपना तोड़ दिया।

पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत को मात देने वाली ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (54) और मेग लैनिंग (49) की पारियों की बदौलत भारत के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा। हरमनप्रीत–जेमिमा के प्रयासों के बावजूद भारतीय टीम 20 ओवर में 167 रन ही बना सकी।मूनी ने ऑस्ट्रेलिया के लिये बड़े स्कोर की नींव रखते हुए 37 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 54 रन बनाये। लैनिंग ने 34 गेंद पर चार चौकों और दो छक्कों के साथ 49 रन की पारी खेली।

बुखार से उठकर मैच खेल रहीं कप्तान हरमनप्रीत ने भारतीय पारी की अगुवाई करते हुए 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 52 रन बनाये, जबकि जेमिमा ने 24 गेंद पर छह चौकों के साथ 43 रन की विस्फोटक पारी खेली। हरमनप्रीत–जेमिमा की जोड़ी भारत को जीत की ओर ले जा रही थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 11वें ओवर में जेमिमा का विकेट निकालकर भारत को झटका दिया। हरमनप्रीत ने इसके बाद भी विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन 15वें ओवर में उनके दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट के साथ भारत का टी20 विश्व कप जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।

पांच बार की टी20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपना छठा खिताब जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका में से किसी एक से होगा।

ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दोनों सलामी बल्लेबाजों के बाद तीसरे नंबर का खिलाड़ी भी दहाई का आंकड़ा छुए बिना आउट हो गया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (नौ) और स्मृति मंधाना (दो) पगबाधा आउट हुए, जबकि यास्तिका भाटिया (चार) रनआउट होकर पवेलियन लौट गयीं।

हरमनप्रीत और जेमिमा ने शुरुआती झटकों के बाद भी तेजी से रन जोडऩा जारी रखा। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में 59 रन जोड़ लिये। हरमनप्रीत–जेमिमा ने चौथे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जेमिमा का विकेट लेकर मैच में वापसी की।

जेमिमा के आउट होने के बाद कुछ देर के लिये रनगति धीमी पड़ी लेकिन 14वें ओवर में हरमनप्रीत और ऋचा घोष एक–एक चौका लगाकर पारी को फिर से पटरी लाईं। हरमनप्रीत ने अगले ओवर में दो चौके जडक़र अपना अर्द्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गयीं। हरमनप्रीत इस गेंद पर दूसरा रन लेते हुए क्रीज़ के करीब आ गयी थीं, लेकिन बल्ला पिच पर फंसने के कारण वह क्रीज़ तक नहीं पहुंच सकी।

कप्तान हरमनप्रीत के विकेट के बाद ऑस्ट्रेलिया का भाग्य खुल गया और उसने मैच को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में कर लिया। अगले ही ओवर में ऋचा घोष भी 17 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हो गयीं।भारत को आखिरी दो ओवरों में 20 रन चाहिये थे। जेस जॉनसन ने 19वें ओवर में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार रन दिये और स्नेह राणा (11) विकेट भी लिया। दीप्ति शर्मा (17 गेंद, 20 रन) के प्रयास के बावजूद भारत आखिरी ओवर में 10 रन ही जोड़ सका।

इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने मूनी के साथ पहले विकेट के लिये 52 रन जोड़े लेकिन वह कभी भी लय हासिल नहीं कर सकीं और आठवें ओवर में 26 गेंद पर 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

भारतीय गेंदबाजों ने भी शुरुआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया आधी पारी समाप्त होने तक सिर्फ 69 रन ही जोड़ सका।

मूनी ने 11वें ओवर में दो चौके जडक़र रफ्तार बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन वह ओवर की चौथी गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। ऑस्ट्रेलिया को पारी के समापन से पहले बड़े ओवरों की जरूरत थी, जो एशले गार्डनर ने उन्हें दिये।चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं गार्डनर ने 18 गेंद पर पांच चौकों के साथ ताबड़तोड़ 31 रन बनाये। दीप्ति शर्मा ने 18वें ओवर में गार्डनर को एक शानदार यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया, लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुकी थीं। गार्डनर के पवेलियन लौटने पर लैनिंग ने अंतिम दो ओवरों में हाथ खोले। गार्डनर–लैनिंग के प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया अंतिम पांच ओवर में 59 रन जोडक़र 20 ओवर में 172/4 के स्कोर तक पहुंचा गया।

भारत की ओर से शिखा पांडे ने चार ओवर में 32 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि दीप्ति (चार ओवर, 30 रन) और राधा यादव (चार ओवर, 35 रन) को एक–एक सफलता हासिल हुई। रेणुका चार ओवर में 41 रन देकर सबसे महंगी गेंदबाज साबित हुईं।

गौरतलब है कि यह महिला टी20 विश्व कप का आठवां आयोजन है और ऑस्ट्रेलिया ने कुल सातवीं बार फाइनल में जगह बनायी है। उसे फाइनल में सिर्फ एक बार (2016, वेस्ट इंडीज) हार मिली है।

## फिल्मी सफर

# नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी यामी गौतम की थ्रिलर फिल्म चोर निकल के भाग




हाल ही में यामी गौतम की वेब सीरीज लास्ट ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी। अब उनकी एक और फिल्म का ओटीटी पर प्रदर्शन होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भाग आगामी 24 मार्च को स्ट्रीमिंग की जाएगी। तेज–तर्रार डकैती–थ्रिलर के रूप में जानी जाने वाली यह फिल्म अजय सिंह द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के अमर कौशिक और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है।

शरद केलकर अभिनीत, चोर निकल के भागा एक एयर होस्टेस और उसके व्यवसायी प्रेमी की कहानी है, जो एक ऋण शार्क के चंगुल से खुद को मुक्त करने के लिए हीरे चोरी करने के मिशन पर हैं। हालाँकि, डकैती बुरी तरह से गलत हो जाती है जब हीरों को ले जाने वाला विमान ही बंधक स्थिति में फंस जाता है। अजय सिंह ने कहा कि चोर निकल के भागा में काम करना एक रोमांचकारी, रोलर कोस्टर राइड साबित हुआ।

यामी और सनी को निर्देशित करना और इस फिल्म को उनके प्रदर्शन के माध्यम से देखना और कथानक रोमांचक था और मैं नेटफ्लिक्स के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों को हमारे प्यार के अनुभव का इंतजार नहीं कर सकता।


निर्देशक ने कहा, मैडॉक हमेशा उन कहानियों पर जोर देता रहा है जो वे बताते हैं और नेटफ्लिक्स द्वारा इन कहानियों को एक मंच देने से यह और भी खास हो जाता है। अमर कौशिक और दिनेश विजान ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार कहानी सुनी तो वे इस परियोजना का हिस्सा बनना चाहते थे।

## मार्क एंटनी के सेट पर बाल–बाल बचे कलाकार

तमिल अभिनेता विशाल अपनी फिल्म मार्क एंटनी की शूटिंग के दौरान बाल–बाल बच गए। यह तब हुआ जब सेट पर एक ट्रक नियंत्रण खो बैठा और अभिनेता और उनके सह–अभिनेताओं की ओर बढ़ गया।

ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने के कगार पर था, जहां विशाल सहित अभिनेता मौजूद थे। गनीमत रही कि उनमें से हर एक बाल–बाल बच गया। योजना के अनुसार, ट्रक को एक दीवार से टकराना था और फिर रुकना था, लेकिन दीवार गिर गई और ट्रक नियंत्रण खो बैठा और उस क्षेत्र की ओर बढ़ गया जहां कलाकार मौजूद थे। विशाल ने अपने ट्वीट में कहा, बस कुछ सेकंड और कुछ इंच से मेरी जान बची, ईश्वर को धन्यवाद। इस घटना के बाद मैंने शूटिंग में वापसी की। अधिक रविचंद्रन द्वारा निर्देशित फिल्म में एसजे सूर्या ने एक शानदार भूमिका निभाई है, जिसके बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध स्टंट निर्देशक पीटर हेन, ढिलिप सुब्बारायण, कमल कन्नन और रवि वर्मा के साथ मिलकर एक्शन सीन कर रहे हैं। विशाल और एसजे सूर्या के अलावा, कलाकारों में अभिनय, रितु वर्मा और सुनील वर्मा शामिल हैं।

# भारत में 13 साल बाद धूम मचाने को तैयार है बैकस्ट्रीट ब्वॉयज



भारत में इन दिनों अमेरिकी बैकस्ट्रीट ब्वॉयज की चर्चा हो रही है। वर्ष 2010 में भारत में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाला यह बैंड अब एक बार फिर से भारतीय दौरे पर आ रहा है। बैकस्ट्रीट ब्वॉयज ने आधिकारिक तौर पर यह जानकारी प्रदान की है वह अपने डीएनए वर्ल्ड टूर के तहत भारत में 13 साल बाद प्रदर्शन करने जा रहा है। इस खबर से संगीत के प्रेमी खासे उत्साहित हैं। समाचारों के अनुसार यह ग्रुप भारत के दो बड़े शहरों दिल्ली और मुम्बई में अपनी कला का प्रदर्शन करेगा। जानकारी के मुताबिक सबसे पहले बैकस्ट्रीट ब्वॉयज मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन में 4 मई को दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। इसके बाद देश की राजधानी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 5 मई को बैकस्ट्रीट ब्वॉयज अपना प्रदर्शन करेगा। गौरतलब है कि इस दफा वर्ल्ड फेमस बैंड को भारत में बुक माइ शो और लाइव नेशन ला रहा है। भारत में बैकस्ट्रीट ब्वॉयज का पहले दौरा काफी शानदार था। लोगों ने इस बैंड को काफी अच्छा रिस्पॉन्स दिया था।ज्ञातव्य है कि बैकस्ट्रीट ब्वॉयज को 90 के दशक में एजे मैकलीन, होवी डोरो, केविन रिचर्डसन, निक कार्टर और ब्रायन लिटरेल ने साथ में मिलकर शुरू किया था। वहीं डीएनए वर्ल्ड टूर की बात करें तो ये कोरियोग्राफी और अपनी आवाज के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। इसने कई हिट गाने दिए हैं जिसमें एज लॉन्ग एज यू लव मी से लेकर डोंट गो ब्रेकिंग माई हार्ट तक का नाम शामिल है।

# हेरा फेरी–3 : फरहाद सामजी को लेकर विरोध में आए दर्शक, हटाने की माँग



आखिरकार, बहुत सारी अटकलों और अनुरोधों के बाद, फिरोज नडियाडवाला बपनी प्रतिष्ठित कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी के 3रे भाग को शुरू करने में सफल हो गए हैं। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसकी प्रतिष्ठित तिकड़ी – अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल हैं, जो इस फिल्म के जरिये एक बार फिर से दर्शकों को रोमांचित करने आ रहे हैं। हालांकि जब से इस फिल्म के निर्देशक का नाम सामने आया है दर्शकों ने इसके खिलाफ एक अभियान छेड़ दिया है। अब गुस्साए प्रशंसक एक याचिका पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

मीडिया में जब से इस बात की जानकारी सामने आई है कि सलमान खान की आगामी फिल्म किसी का भाई किसी की जान और पूर्व में हाउसफुल 4 का निर्देशन कर चुके फरहाद सामजी को हेरा फेरी–3 के निर्देशन की बागडोर सौंपी गई है, तब से दर्शक इस बात को लेकर परेशान हो गए हैं कि फरहाद सामजी को निर्देशक के तौर पर क्यों लिया गया है। उनका कहना हैकि फरहाद सामजी हेरा फेरी की शैली के निर्देशक नहीं हैं। कुछ लोगों ने फिल्म से निर्देशक को बदलने के लिए सभी से हस्ताक्षर करने के लिए एक याचिका भी शुरू की। प्लेटफॉर्म चेंज डॉठ ओआरजी पर, नाराज प्रशंसकों में से एक ने एक याचिका दायर की जिसके अनुसार, स्पष्ट रूप से जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, हम नहीं चाहते कि फरहाद सामजी हेरा फेरी जैसी क्लासिक फिल्म फ्रेंचाइजी का निर्देशन करें।

# नए ट्रेलर में फिल्म के कुछ बेहतरीन पलों को दिखाया



ऋक्क अमेरिकी सिनेमाघरों में फिर से प्रदर्शित की जा रही है। ऋक्क ऑस्कर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में शामिल है। इस फिल्म को अमेरिका में ऑस्कर पुरस्कारों से पहले एक बार फिर से वहाँ के वितरक प्रदर्शित करने जा रहे हैं। समाचारों के अनुसार ऋक्क को अमेरिका के 200 सिनेमाघरों में 3 मार्च से प्रदर्शित किया जाएगा। यूएस में ऋक्क के वितरक वेरिएंस फिल्म्स ने नए ट्रेलर के साथ ट्विटर पर इस खबर की घोषणा की।

नए ट्रेलर में फिल्म के कुछ बेहतरीन पलों को दिखाया गया है जैसे कि पुल का दृश्य, नातू नातू गीत, और महाकाव्य अंतिम तसलीम की झलकियां। नातु नातु की सफलता को भुनाने के लिए, निर्माताओं ने ट्रेलर के पृष्ठभूमि संगीत के रूप में संख्या के एक रसपूर्ण मिश्रण का उपयोग किया है, जो इसे प्रशंसकों और नए दर्शकों के लिए और अधिक मजेदार बनाता है। नए प्रोमो में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फिल्म को मिली सभी प्रशंसाओं को दिखाया गया है, जिसमें जेम्स कैमरन (ए ट्रायम्फ आई विस्मय) और स्टीवन स्पीलबर्ग (असाधारण। मैं अपनी आंखों पर विश्वास नहीं कर सका) जैसे हॉलीवुड आइकन से प्रशंसा के शब्द शामिल हैं और एडगर राइट (व्हाट एन एब्सोल्यूट ब्लास्ट)। ऋक्क अमेरिका में 3 मार्च को फिर से रिलीज होगी।वेरिएंस फिल्म्स ने ट्वीट किया, ऋक्क फाइनल ट्रेलर। सेलिब्रेशन शुरू होने दें! एसएस राजामौली की उत्कृष्ट कृति ऋक्क 3 मार्च से देश भर में 200 से अधिक सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। पिछले साल रिलीज होने के बाद से, ऋक्क का पश्चिम में खुले हाथों से स्वागत किया गया है, जो फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली के लिए भी एक सुखद और अप्रत्याशित आश्चर्य था। एक टॉक शो में राजामौली ने कहा, मैं पश्चिम से मिले स्वागत से हैरान था। एक अच्छी कहानी हर किसी के लिए एक अच्छी कहानी होती है, लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि मैं पश्चिमी संवेदनाओं के लिए फिल्म बना सकता हूं। मुझे खुद पर कभी विश्वास नहीं हुआ। इसलिए, जब यह नेटफ्लिक्स पर आया और लोगों ने इसे देखना शुरू किया और जब आलोचकों ने अच्छी समीक्षा देना शुरू किया तो मुंह से शब्द निकलने शुरू हो गए ... मैं वास्तव में हैरान था।

इस बीच, राम चरण, फिल्म के संगीतकार एम.एम. कीरावनाई, और गीतकार चंद्र बोस पहले से ही ऑस्कर से पहले अमेरिका में हैं, जो 13 मार्च को होने वाला है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79



फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com